**रोहतक**

**गुरुवार, 21 मार्च 2024**

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 54
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 32.2
न्यून. 13.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

07 भाजपा में यूपी में 2014 से ज्यादा सीटें मिलेंगी



*चुनाव आयोग ने जारी कर दी अधिसूचना*
*नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च*

# लोकसभा चुनाव : पहले चरण के लिए नामांकन शुरू
# 21 राज्यों की 102 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान

*इस चरण में तमिलनाडु की 39, राजस्थान की 12 और उत्तर प्रदेश की 8 सीटें शामिल*

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उन 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हो गई, जहां 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश की दो सीट, असम की पांच, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, मध्य प्रदेश की छह, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम की एक, नागालैंड की एक, राजस्थान की 12, सिक्किम की एक, तमिलनाडु की 39, त्रिपुरा की एक, उत्तर प्रदेश की आठ, उत्तराखंड की सभी पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, अंडमान और निकोबार की एकमात्र तथा जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर मतदान होगा। राष्ट्रपति की तरफ से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। हालांकि बिहार में पहले चरण में जिन चार लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है, उनके लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख एक त्योहार की वजह से बढ़ाकर 28 मार्च की गई है।

### ऐसी रहेगी तैयारी

- नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च। बिहार में 28 मार्च
- नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को, बिहार में 30 मार्च होगी।
- नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 30 मार्च, बिहार में दो अप्रैल है।
- अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होंगे और उसके बाद 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी।



### राजनीतिक विज्ञापनों को तत्काल हटाने के निर्देश

निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकारों को सरकारी, सार्वजनिक व निजी संपत्तियों पर से अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापन तत्काल हटाने और अगले 24 घंटे में अनुपालन रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। केंद्रीय कैबिनेट सचिव और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को आयोग ने पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं।

### इन राज्यों में मतदान

पुडुचेरी, मिजोरम, मेघालय, मध्य प्रदेश, मणिपुर, महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल, नगालैंड, अंडमान निकोबार में मतदान होगा।

**उधमपुर-कठुआ सीट पर भी चुनाव :** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर-कठुआ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भी पहले चरण में मतदान होगा अभी तक केवल भाजपा और पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) ने ही इस सीट के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा की है। मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और पूर्व मंत्री जी एम सरूरी क्रमशः भाजपा और डीपीएपी के उम्मीदवार हैं।

### अंदर के पन्नों पर


- माजरा की घर वापसी, राव बहादुर जजपा में शामिल पेज-2
- पीएम मोदी ने पुतिन को दी बधाई जेलेंस्की से भी की बात पेज-7


### खबर संक्षेप

#### नीट, पीजी और सीए की परीक्षा तिथियों में बदलाव

**नई दिल्ली।** आईसीएआई ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीए परीक्षा कार्यक्रम बदला है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार समूह 1 के लिए इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम की परीक्षा 3, 5 और 9 मई को आयोजित की जाएगी। वहीं, नीट, पीजी की परीक्षा की तारीख भी 7 जुलाई से बदलकर 23 जून की है। एक सार्वजनिक नोटिस में एनएमसी ने यह जानकारी दी है। परीक्षा की काउंसलिंग 5 अगस्त से 15 अक्टूबर तक होगी। भाषा

#### रीजीजू को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का भी प्रभार



**नई दिल्ली।** पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरण रीजीजू ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। रीजीजू को मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। भाषा

#### भाजपा ने चुनाव आयोग से की राहुल की शिकायत



**नई दिल्ली।** भाजपा ने चुनाव आयोग से राहुल गांधी की शिकायत की है। दरअसल, 17 मार्च को मुंबई में 'इंडिया' की रैली में राहुल गांधी ने कहा था, हिंदू धर्म में एक शब्द है 'शक्ति'। हम एक शक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं। सवाल यह है कि वह शक्ति क्या है? राजा की आत्मा ईवीएम में है। यह सच है। राजा की आत्मा ईवीएम और देश की हर संस्था और विभाग में है। भाषा

#### अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी



**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा की शुरुआत इस साल 29 जून से हो रही है। यह यात्रा करीब 51 दिनों तक चलेगी और 19 अगस्त को खत्म होगी। पिछले साल यह यात्रा करीब 62 दिन चली थी और साढ़े 4 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे। एजेंसी

#### सुप्रीम कोर्ट के लिए कोई मामला छोटा नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि शीर्ष कोर्ट के लिए कोई मामला छोटा नहीं है। कोर्ट हमेशा नागरिकों के लिए मौजूद है, चाहे वह किसी जाति व धर्म का हो।

#### आत्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव की ब्रेन सर्जरी

**नई दिल्ली।** आत्यात्मिक गुरु और ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सदगुरु जग्गी वासुदेव की ब्रेन सर्जरी सफल रही। दिल्ली के ओपोलो अस्पताल में यह सर्जरी हुई। एजेंसी

## सुप्रीम कोर्ट की ईडी को नसीहत, बार-बार चार्जशीट फाइल करना गलत

**ईडी को नोटिस**

बिना मुकदमे आरोपित को हिरासत में रखा जाना स्वतंत्रता का हनन

# जांच पूरी हुए बिना किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकते

**सख्त टिप्पणी**

- ऐसा करने से ट्रायल शुरू नहीं हो पाता
- आरोपित को जमानत नहीं मिल पाती
- फाइनल चार्जशीट 90 दिन के अंदर दायर हो

*न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने झारखंड में कथित अवैध खनन से उत्पन्न धन शोधन मामले में ईडी द्वारा चार पूरक आरोपपत्र दाखिल करने पर आपत्ति जताई। इनमें से नवीनतम पूरक आरोपपत्र एक मार्च 2024 को दाखिल किया गया।*

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बार-बार सप्लीमेंट्री चार्जशीट करने को गलत बताया। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी इसलिए ऐसा कर रही है, ताकि मामले में ट्रायल शुरू न हो पाए और आरोपित को जमानत न मिल सके। कोर्ट ने ईडी से कहा कि इस तरह की प्रैक्टिस गलत है। ऐसा करके किसी आरोपित को अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं रख सकते। शीर्ष कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि जांच पूरी हुए बिना आप किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकते। आरोपित के स्वतः जमानत पाने के अधिकार को खत्म करने के लिए धन शोधन मामलों में पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के ईडी के प्रयासों की निंदा करते हुए कोर्ट ने बुधवार को कहा कि किसी आरोपित को बिना मुकदमे के हिरासत में रखना कैद के समान है जो उसकी स्वतंत्रता में बाधक है और उसके अधिकारों का हनन है।



### प्रेम प्रकाश की स्वतः जमानत याचिका पर सुनवाई

शीर्ष अदालत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित सहयोगी प्रेम प्रकाश की स्वतः (डिफॉल्ट) जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। प्रकाश को अगस्त, 2022 में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी द्वारा दावा किया गया था कि रांची में उनके घर पर दो एके-47 राइफलें, 60 कारतूस और दो मैगजीन मिली थीं। उन पर धनशोधन व शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### जांच अभी जारी

पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि चार पूरक आरोपपत्र दाखिल होने के बावजूद मामले में जांच अभी जारी है। पीठ ने राजू से कहा, हम आपको (ईडी को) नोटिस दे रहे हैं। (कानून के तहत) मामले की जांच पूरी हुए बिना आप किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकते। मुकदमा शुरू हुए बिना किसी व्यक्ति को हिरासत में नहीं रखा जा सकता। यह कैद के समान है और एक व्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रभावित करता है। कुछ मामलों में हमें इस मुद्दे को सुलझाना होगा।

### आरोपित को स्वतः जमानत के लाभ से वंचित नहीं कर सकते

न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि किसी आरोपी को पूरक आरोपपत्र दायर करके स्वतः जमानत के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि याचिकाकर्ता 18 महीने से सलाखों के पीछे है और एक के बाद एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किए जा रहे हैं, जिससे अंततः मुकदमे में देरी हो रही है। पीठ ने राजू से कई सवाल पूछे, जिन्होंने सवालों का जवाब देने के लिए एक महीने का समय मांगा और कहा कि आरोपित एक प्रभावशाली व्यक्ति है और अगर उसे जमानत पर रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकता है। शीर्ष अदालत ने राजू को एक महीने के भीतर पीठ द्वारा पूछे गए सभी सवालों का जवाब देने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल के लिए तय की।

## सूबे में लोकसभा चुनाव के लिए इलेक्शन सेल बनाया

- 24 घंटे होगी वर्किंग, मॉनिटरिंग के लिए नोडल अफसर नियुक्त
- हर तरह की गतिविधियों पर रखी जाएगी निगरानी, सुरक्षा कड़ी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव करवाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय, सेक्टर-6, पंचकूला में इलेक्शन सेल स्थापित किया गया है। इस सेल के माध्यम से प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करवाया जाएगा ताकि लोग भय मुक्त होकर निष्पक्ष ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर ने बताया कि इलेक्शन सेल द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था सुचारू रखने के साथ-साथ चुनाव संबंधी कई अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी।

### आईपीएस संजय करेंगे सुपरविजन

सेल के सुपरविजन के लिए स्टेट नोडल ऑफिसर के रूप में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था संजय कुमार को तैनात किया गया है, जबकि नोडल अधिकारी डीएसपी, कानून एवं व्यवस्था, ममता सौदा को लगाया गया है। इसके अलावा, प्रदेश के सभी जिलों में डीएसपी तथा एएसपी स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो पुलिस मुख्यालय में स्थापित किए गए इलेक्शन सेल में निर्धारित बिंदुओं बारे में रोजाना अपने जिलों की रिपोर्ट भेजेंगे।

### ये होगा सेल का काम

इलेक्शन सेल की कार्यप्रणाली के बारे में कपूर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय में बनाए गए इलेक्शन सेल के माध्यम से प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत जारी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी। इलेक्शन सेल द्वारा पुलिस बल की उपलब्धता तथा उसकी तैनाती एवं इससे संबंधित मुद्दों को लेकर जिलों से तालमेल स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही, प्रदेश में अलग-2 स्थानों पर क्रिटिकल (जटिल) क्षेत्रों की पहचान करते हुए वहां पर पुलिसकर्मियों की तैनाती का निर्णय भी लिया जाएगा।

### छुट्टी के दिन भी होगा काम

डीजीपी ने बताया कि इसके साथ ही, जिलों द्वारा उनके द्वारा रोजाना सील होने वाले सामान की रिपोर्ट, चुनाव संबंधी शिकायतें, आदर्श आचार संहिता की पालन, संबंधी रिपोर्ट भी चुनाव सेल को भेजी जाएगी। इलेक्शन सेल 24 घंटे संचालित रहेगा। राजपत्रित अवकाश तथा छुट्टी वाले दिन (शनिवार व रविवार) को भी यहां पर स्टाफ की ड्यूटी सुनिश्चित की जाएगी।

### 12 कंपनियां पहुंची

चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रदेश में अलग-2 स्तर पर मॉनीटरिंग की जा रही है। प्रदेश में चुनाव आयोग की सी-विजिल एप के माध्यम से भी चुनाव संबंधी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जा रही है। इतना ही नहीं, प्रदेश में सीएपीएफ की 12 कंपनियां भी पहुंच चुकी हैं उनकी अलग-अलग जिलों में तैनाती कर दी गई है।

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में जज जरूरी नहीं : सरकार

- केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा
- कहा-जरूरी नहीं आयोग तभी स्वतंत्र हो जब पैनल में जज हो
- सुखबीर संधू और ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति पर हुआ विवाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति वाले नए कानून को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। केंद्र ने कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में जज जरूरी नहीं होता। यह जरूरी नहीं है कि आयोग तभी स्वतंत्र हो जब पैनल में जज हो। केंद्र सरकार ने कहा-यह दलील गलत है कि आयोग की स्वतंत्रता तभी होगी, जब सिलेक्शन पैनल में कोई जज जुड़े। इलेक्शन कमीशन एक स्वतंत्र संस्था है।

### याचिका का मकसद विवाद खड़ा करना

केंद्र ने कहा कि इस याचिका का मकसद राजनीतिक विवाद को खड़ा करना है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट नए कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा है। ये याचिका कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने दाखिल की थी।

### यह कहा था याचिका में

याचिका में कहा था कि चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कार्यपालिका के हाथों में छोड़ना लोकतंत्र के स्वास्थ्य और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन के लिए हानिकारक होगा। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि सीईसी और ईसी के पदों पर नियुक्तियां प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और सीजेआई की सदस्यता वाली समिति करेगी।

## अभय चौटाला को वाई प्लस सिक्योरिटी मिलेगी



हाईकोर्ट ने सरकार को दिया आदेश

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव और ऐलनाबाद से विधायक अभय सिंह चौटाला को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के दौरान सरकार को यह आदेश दिया है। इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या के बाद अभय चौटाला ने जेड प्लस सिक्योरिटी की मांग की थी। इसको लेकर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि बीते कुछ समय से धमकियां मिल रही हैं। पद यात्रा के दौरान 17 जुलाई, 2023 को रात लगभग 9 बजे कॉल किए गए और वॉइस मैसेज भेजकर जान से मारने की धमकी दी गई। उस समय उनके निजी सहायक रमेश गोदारा की शिकायत पर हरियाणा पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की थी।

**नेतृत्व** स्टार्टअप वैश्विक चुनौतियों के लिए भारतीय समाधान पेश करें

*मोदी ने दिल्ली में स्टार्टअप महाकुंभ' को किया संबोधित एआई, सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर शुरू किए तीन मिशन*

# भारत एआई में दुनिया की अगुवाई करेगा: प्रधानमंत्री

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को युवा उद्यमियों और स्टार्टअप से दुनियाभर में आ रही चुनौतियों पर 'वैश्विक अनुप्रयोगों के लिए भारतीय समाधान' पर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमता में दुनिया का नेतृत्व करेगा। मोदी ने यहां 'स्टार्टअप महाकुंभ' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई, सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर पहले शुरू किए गए तीन मिशन युवाओं के लिए रोजगार और वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा करेंगे। 'हम एआई प्रौद्योगिकी के एक नए युग में हैं और दुनिया मानती है कि एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा। अब यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि हम इस अवसर को जाने न दें।' एआई युवा नवप्रवर्तकों और वैश्विक निवेशकों के लिए असीमित संभावनाएं प्रदान करता है।

### नेतृत्व भारत के हाथों में रहेगा




मोदी ने कहा कि एआई क्षमताओं का नेतृत्व भारत के हाथों में रहेगा और रहना चाहिए। मुझे विश्वास है कि 'वैश्विक अनुप्रयोगों (एप्लिकेशन) के लिए भारतीय समाधान' की धारणा एक ताकत होगी...। भारतीय नवप्रवर्तकों के समाधान कई देशों की समस्याओं का समाधान करेंगे।एआई उद्योग के आने से युवा नवप्रवर्तकों के लिए कई नौकरियां पैदा हो रही हैं और वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय क्वॉन्टम मिशन, भारत एआई मिशन और सेमीकंडक्टर मिशन का भी उल्लेख किया।

### स्टार्टअप लॉन्च तो बहुत से लोग कर रहे कुछ को बार-बार करना पड़ रहा लॉन्च : मोदी

पीएम मोदी ने स्टार्टअप महाकुंभ के शुभारंभ के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा, कई लोग राजनीति में स्टार्टअप शुरू करने की कोशिश करते हैं और उन्हें बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। लेकिन आप लोगों में और उनके बीच नए विचारों का फर्क है। पीएम मोदी ने कहा कि स्टार्टअप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ये बहुत ज्यादा होता है और बार बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं।



**खबर संक्षेप**

## बिजली शिकायत निवारण शिविर कल

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 22 मार्च को मुख्य अभियंता रोहतक के कार्यालय चौथी मंजिल राजीव गांधी विद्युत भवन रोहतक के कांफ्रेंस हॉल प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा।

## बाल सरंक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

**पंचकूला।** जिला बाल सरंक्षण यूनिट महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके तहत चाइल्ड एब्यूज, सेक्सुअल मैटेरियल, पोक्सो एक्ट 2012, किशोर न्याय अधिनियम, साइबर क्राइम तथा बाल तस्करी कानून की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में अभिनंदन प्रोफेसर ऑफ लॉ कॉलेज और जरनैल सिंह क्राइम ब्रांच के मार्गदर्शन में पोक्सो एक्ट के बारे में जागरूक किया गया और 18 वर्ष तक के बच्चों को शारीरिक शोषण से बचाव और यौन शोषण के खिलाफ सजा के प्रावधान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसे अपराध करने वालों को उम्र कैद की सजा हो सकती है

## केयू को मिला ए-प्लस-प्लस ग्रेड सर्टिफिकेट

**चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) मूल्यांकन के बाद 3.56 स्कोर के साथ सबसे उच्चतम ग्रेड ए-प्लस-प्लस यूनिवर्सिटी होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा राज्य की पहली ए-प्लस-प्लस ग्रेड स्टेट यूनिवर्सिटी बन गई है। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को कड़ी मेहनत से नैक मूल्यांकन में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

# माजरा की घर वापसी, बने इनेलो प्रदेश अध्यक्ष राव बहादुर कांग्रेस छोड़कर जजपा में शामिल

लोकसभा चुनाव के ऐलान के साथ नेताओं का पार्टी बदलने का भी सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार को पूर्व सीपीएस रामपाल माजरा फिर से इनेलो में शामिल हो गए। पार्टी ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं पूर्व मंत्री राव बहादुर सिंह ने दुष्यंत चौटाला की उपस्थिति में जजपा की सदस्यता ली।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पूर्व में सीपीएस रहे रामपाल माजरा ने बुधवार को इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अभय सिंह चौटाला ने चंडीगढ़ स्थित इनेलो मुख्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए रामपाल माजरा को इनेलो का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि जब इनेलो पार्टी की स्थापना की गई थी तब से ही रामपाल माजरा ने जननायक चौ. देवीलाल और ओम प्रकाश चौटाला के साथ मिलकर पूरी लगन और निष्ठा से पार्टी को मजबूत करने का काम किया। इनेलो के प्रति रामपाल माजरा का हमेशा लगाव रहा है। रामपाल माजरा कुछ समय के लिए निष्क्रिय हुए थे लेकिन अब फिर से पार्टी को मजबूत करने के लिए इनेलो के साथ आए हैं। पार्टी के सारे कार्यकर्ताओं की और इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला की यह इच्छा थी पार्टी की कमान रामपाल माजरा को सौंपी जाए। आज से हम सभी इनके नेतृत्व में काम करेंगे। भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री बदलने पर अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि वो 14 फसलें एमएसपी पर खरीद कर रहे हैं। उनके दावों के उलट आज किसानों को सरसों की फसल बेचने पर एमएसपी से 700-750 रुपये कम मिल रहे हैं।

■ माजरा के आने से पार्टी मजबूत होगी : अभय



### प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार से भाजपा विधायकों व निर्दलीय में नाराजगी

उन्होंने कहा कि नए मंत्रिमंडल से लोगों के साथ-साथ अनिल विज और भाजपा विधायकों एवं निर्दलीय विधायकों में बड़ी नाराजगी है। अनिल विज को तो अब तक पार्टी छोड़ देनी चाहिए थी। उनको देखकर लगता है कि वो एक भी दिन इस सरकार को बर्दाश्त नहीं करना चाहते। मुख्यमंत्री को पहले दिन ही कहना चाहिए था कि वो कानून व्यवस्था को लेकर काम करेंगे। नायब सैनी को विश्वास ही नहीं हो रहा है की वो मुख्यमंत्री बन गए हैं और वो पूर्व मुख्यमंत्री को अभी भी मुख्यमंत्री कहकर संबोधित कर रहे हैं। आप के प्रत्याशी सुशील गुप्ता द्वारा अभय सिंह को बाहरी प्रत्याशी बताने के बयान पर पलटवार करते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि छाज तो बोले, छलनी भी बोल रही है।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

जननायक जनता पार्टी ने कांग्रेस को तगड़ा झटका दिया हैं। बुधवार को पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कांग्रेस छोड़कर जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की। चंडीगढ़ स्थित जेजेपी प्रदेश कार्यालय पर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने राव बहादुर का जेजेपी में स्वागत किया और कहा कि उन्हें जेजेपी में पूरा मान-सम्मान मिलेगा। दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव तक और भी कई मजबूत साथी जेजेपी ज्वाइन कर सकते हैं। राव बहादुर सिंह जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की जन आक्रोश यात्रा के दौरान के पुराने साथी रहे हैं।

वे नांगल चौधरी से विधायक रहे हैं। राव बहादुर भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं। जेजेपी में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक राव बहादुर ने दुष्यंत चौटाला को साफ-सुथरी कार्यशैली और छवि वाला नेता बताया। उन्होंने आगे कहा कि अजय सिंह चौटाला आम कार्यकर्ता को भी विधायक बनने का अवसर देते है।

■ राव राष्ट्रीय अध्यक्ष के पुराने साथी : दुष्यंत



### कांग्रेस में मेहनती कार्यकर्ताओं की होती है अनदेखी : राव बहादुर

राव बहादुर ने कहा कि कांग्रेस में मेहनती कार्यकर्ताओं की अनदेखी होती है, जबकि जेजेपी में कार्यकर्ताओं को परिवार का सदस्य माना जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं को झूठा दिलासा देकर ठगा जाता है।

### नरेश जून ने छोड़ी जजपा

**बहादुरगढ़।** वहीं जननायक जनता पार्टी को एक और झटका लगा है। प्रदेश सचिव नरेश जून ने जजपा का दामन छोड़ दिया है। बुधवार को बहादुरगढ़ में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान नरेश जून ने यह ऐलान किया। इतना ही नहीं, जून ने पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला पर क्षेत्र की अनदेखी करने के भी आरोप लगाए हैं। नरेश जून ने कहा कि वह पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे हैं।

## 24 को पंचकूला में विश्व कबड्डी दिवस मनेगा

**चंडीगढ़।** 24 मार्च को हरियाणा के पंचकूला स्थित ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम में विश्व कबड्डी दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल श बंडारू दत्तात्रेय होंगे। होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआईपीएसए) और विश्व कबड्डी संगठन इस वर्ष के आयोजन का संयुक्त रूप से आयोजन कर रहे हैं। इस संबंध में एचआईपीएसए की अध्यक्ष सुश्री कॉथी डी सुरेश ने बताया कि इस वर्ष विश्व कबड्डी दिवस समारोह का लक्ष्य एक अनोखा आयोजन करना और कबड्डी प्रदर्शनी मैच में सर्वाधिक खिलाड़ियों को शामिल करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाने का प्रयास करना है। गिनीज ने 84 खिलाड़ियों के लिए रिकॉर्ड बेंचमार्क निर्धारित किया हुआ है। आयोजकों का प्रयास इससे ज़्यादा खिलाड़ियों को शामिल करने का है। इस प्रयास को 24 मार्च को सुबह 11 बजे गिनीज टीम के निर्णायकों की उपस्थिति में शुरू किया जाएगा।

■ कार्यक्रम में राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे

उन्होंने बताया कि इस कबड्डी खेल विश्व रिकॉर्ड बनने पर कबडडी को ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है, जिसके बाद इस खेल का विस्तार विभिन्न महाद्वीपों के देशों में हो पाएगा। वर्ष 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत ने अपनी उत्सुकता दिखाई है और मेजबान देश ओलंपिक में एक खेल को शामिल कर सकता है। उन्होंने बताया कि एचआईपीएसए एक वार्षिक फीचर के रूप में एक वैश्विक महिला कबड्डी लीग शुरू करेगा और पहला सीज़न भारत में जुलाई के महीने में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दुनिया के 15 से अधिक देशों की महिला प्रतिभागी शामिल होंगी। इस मौके पर सैकड़ों के तादाद में खेल प्रेमी पहुंचेंगे।

## इंडिया गठबंधन को मिल रहा जन जन का समर्थन : सुशील गुप्ता

**कैथल/ चंडीगढ़ ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के कलायत विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा शुरू की। उनके साथ कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी के पुत्र विकास सहारण सहित अन्य मौजूद रहे। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा गांव हरिपुरा से शुरू की। इसके बाद वे गांव सिनंद में लोगों से मिले। वहां से दुब्बल में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद कुराड़ गांव में पहुंचे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कुरुक्षेत्र लोकसभा में पूरी मजबूती के साथ तैयारी कर रहा है। इंडिया गठबंधन को जन जन का समर्थन



मिल रहा है और हर व्यक्ति कह रहा है कि हरियाणा के लोग भाजपा सरकार से परेशान है। उन्होंने कहा कि कलायत क्षेत्र किसान बहुल क्षेत्र है और भाजपा किसान विरोधी सरकार है। किसानों को आजतक बारिश से खराब फसल का मुआवजा नहीं मिला। सरकार झूठी हामी तो भरती है लेकिन मुआवजा नहीं देती। जिससे किसान परेशान चल रहे है।

## प्रदेश सरकार की नीतियों से जनता निराशः कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है कि युवा जो रोजगार की चुनौतियों का



सामना कर रहे हैं, पिछड़े और वंचित वर्ग जो अपने अधिकारों की तलाश में हैं, महंगाई की मार से जूझती महिलाएं, और अपनी फसलों के उचित मूल्य की मांग करते किसान, ये सभी वर्तमान सरकार की नीतियों से निराश हैं। इस निराशा के बीच, वर्तमान की भाजपा सरकार के अन्याय से जूझ रही जनता के लिए कांग्रेस न्याय की 5 गारंटी लेकर आयी है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार प्रदान करने का वादा करती है, कांग्रेस सभी वर्गों की समान भागीदारी सुनिश्चित करेगी और श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण के लिए समर्पित रहेगी। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की गारंटी देती है, कांग्रेस किसानों को न्याय देगी और किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने का आश्वासन देती है।

## जनता सर्तक होकर चुनाव में करें भागीदारी : अग्रवाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की अनुपालना में अब आमजन भी आयोग के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। नागरिकों को सतर्क होकर चुनाव में भाग लेना होगा। इसके लिए चुनाव आयोग ने सी-विजिल मोबाइल एप विकसित किया है। सीविजल मोबाइल एप के माध्यम से आमजन को चुनाव ऑब्जर्वर के समान एक शक्ति प्रदान की है, जिस पर वे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। नागरिक अपने मोबइल से फोटो व वीडियो, ऑडियो भी सी-विजिल एप पर भेज सकते हैं। 100 मिनट के अंदर-अंदर संबंधित शिकायत पर एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिक आयोग के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेंगे और निष्पक्ष, स्वच्छ और पारदर्शी बनाने में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नागरिक गूगल प्ले स्टोर से इस एप्लिकेशन को एंड्राइड फोन तथा एप स्टोर से आई फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं। आमजन फोटो खींच सकते हैं या दो मिनट की वीडियो भी रिकॉर्ड करके इस एप पर अपलोड कर सकते हैं। वह फोटो और वीडियो जीपीएस लोकेशन के साथ एप पर अपलोड हो जाएगी। शिकायत दर्ज करने के 100 मिनटों में शिकायत का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा, संबंधित शिकायत नेशनल ग्रीवांस रिडरेसल सिस्टम पोर्टल पर भी डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि फलाइंग स्कवाइड, सटेटिक सर्विलेंस टीमों की लाइव जानकारी रहती है और सी-विजिल एप पर जिस स्थान से शिकायत प्राप्त होती है तो निकट टीमें तुरंत वहां पहुंचेंगी।

### चुनाव प्रक्रिया को लेकर कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

अनुराग अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इसके अलावा, 16 नोडल अधिकारी भी पदनामित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य स्तर पर व जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित की गई है, जो चुनाव के दौरान उम्मीदवारों व राजनीतिक पार्टियों द्वारा जारी विज्ञापनों या किसी प्रकार की पेड न्यूज पर निगरानी रखेगी। राज्य स्तर पर गठित एमसीएमसी के चेयरमैन मुख्य निर्वाचन अधिकारी हैं। पीआईबी/बीओसी के अतिरिक्त महानिदेशक/निदेशक स्तर के अधिकारी व अन्य शामिल है।

# अधिकांश मंत्रियों को दफ्तर और स्टॉफ अलॉट

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

बरसों से मंत्री पद का इंतजार करने वाले कई विधायक मंत्री पदों पर विराजमान हो गए हैं, अब इसके बाद में उनकी नजर अहम विभागों, गाड़ी-घोड़ा (वाहन), शानदार दफ्तर और अच्छी कोठियों के लिए मारामारी होने लगी है। वैसे, एक दिन पहले शपथ ग्रहण के बाद ही मंत्रियों के कमरों पर मंत्रियों के नाम अंकित कर दिए गए थे। इक्का दुक्का मंत्री तो बीती रात ही अपने दफ्तर में विराजमान हो गए थे। कुछ मंत्रियों को उन्हें विधिवत बैठाए जाने का इंतजार बना हुआ है। नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को कार्यक्रमों में व्यस्त रहे। दूसरी तरफ नए मंत्रिमंडल के सदस्यों में मनचाहा दफ्तर लेने के साथ-साथ बढ़िया लोकेशन पर चंडीगढ़ में सरकारी कोठी पाने, अच्छी गाड़ियों की तरफ नजरें लगी हुई हैं। खास बात यह है कि अभी तक मंत्रियों के विभागों का बंटवारा नहीं हुआ है, इसलिए अहम विभागों को लेकर भी मारामारी चल रही है। हरियाणा पंजाब सचिवालय के गलियारों में विभागों को लेकर भी चर्चाओं का दौर जारी रहा।

■ विभागों के बंटवारे का अभी इंतजार

भले ही सरकार का कार्यकाल मात्र छह माह के लिए है, वो भी इस दौरान पहले लोकसभा चुनावों को लेकर आचार संहिता की तलवार लटकी रहेगी, बाद में विधानसभा चुनावों को लेकर तलवार लटकी रहेगी, उसके बाद भी विधायकों में हर कोई आलीशान कोठी की चाहत रख रहा है। इस दिशा में नव नियुक्त मंत्रियों ने प्रयास भी शुरु कर दिए हैं। पहले मंत्री पद पाने की रेस में विधायक शामिल थे, वहीं अब मंत्रियों के बीच मनपसंद दफ्तरों, कोठियों, वाहनों को लेकर रस्साकशी साफ दिखने लगी है। अधिकांश नए बनाए गए मंत्रियों की सबसे ज्यादा नजर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज के दफ्तर की तरफ लगी हुई हैं। इस दिशा में हरियाणा की कैबिनेट और अब दूसरी में भी मंत्री बने डा. कमल गुप्ता, मूलचंद शर्मा की नजरें लगी हुई थीं। लेकिन हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने उक्त दफ्तर मंत्री सीमा त्रिखा को अलॉट कर दिया है।

इस कारण से डाक्टर कमल गुप्ता को पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पाचवे तल स्थित दफ्तर को अलॉट कर दिया गया है। अनिल विज की वोल्वो कार के लिए मंत्रियों में अच्छी खासी जंग चल रही है, इसे पाने के लिए सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने मुख्य सचिव को पत्र लिख डाला है। इसी क्रम में हाल ही में मंत्री बने नेताओं के बीच चंडीगढ़ के आलीशान सरकारी बंगलों को लेकर भी पत्राचार और प्रयास किए जा रहे हैं।

### पूर्व डिप्टी सीएम का ऑफिस कमल गुप्ता को मिला

हरियाणा की नायब सैनी सरकार में मंत्रियों को हरियाणा के सिविल सचिवालय में दफ्तरों का आबंटन भी कर दिया गया है। वैसे, बीती रात को पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का दफ्तर कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता को अलॉट कर दिया गया है। पूर्व गृह मंत्री अनिल विज का ऑफिस राज्य मंत्री सीमा त्रिखा को दिया है। मनोहर सरकार के कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता का पुराना दफ्तर राज्य मंत्री संजय सिंह को अलॉट किया गया है। पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली का दफ्तर अंबाला शहर के विधायक और मंत्री असीम गोयल को अलॉट कर दिया गया है। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा का दफ्तर अभय सिंह यादव को दिया गया है। यह दफ्तर ठीक पूर्व में गृह मंत्री विज के दफ्तर के सामने स्थित है। पूर्व मंत्री ओपी यादव का दफ्तर बिशंभर वाल्मीकि को दे दिया गया है। इसमें वाल्मीकि बीती रात ही बैठे और अपने समर्थकों के साथ में पहुंचकर लड्डू भी बांटे। पूर्व मंत्री अनूप धानक का दफ्तर महिपाल ढांडा को अलॉट कर दिया गया है।

## मुआवजा देने में सरकार विफल : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि मौजूदा हरियाणा सरकार किसानों को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि न तो सरकार किसानों को चुनाव आचार संहिता लगने से पहले फसल खराबे का मुआवजा दे पाई और न ही रबी फसल की खरीद प्रबंधन बारे कोई फैसला ले रही। वे बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आचार संहिता लगने के चलते अब किसानों को फसल खराबे के मुआवजे के लिए 90 दिन तक इंतजार करना पड़ेगा क्योंकि जेजेपी की मांग के बावजूद भी नई हरियाणा सरकार ने समय पर मुआवजा देने बारे फैसला नहीं लिया। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार अब तक मंडियों में किसानों की फसलें आने के बावजूद खरीद का प्रबंध भी नहीं कर पाई है। यहां तक कि सरसों को एमएसपी पर खरीदा जाएगा या भावांतर भरपाई योजना से, कौन सी एजेंसी कैसे खरीद करेगी, यह भी तय नहीं हो पाया है। दुष्यंत चौटाला ने मुख्यमंत्री से भ्रमण करने की बजाय किसानों के हित में फसल खरीद बारे जल्द प्रबंधन करने की मांग की।

## राठी आप के अंबाला लोकसभा अध्यक्ष नियुक्त

**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी ने सुरेंद्र राठी को उनकी कर्त्तव्य निष्ठा का इनाम देते हुए पार्टी में उनका कद बढ़ाते हुए उन्हें अंबाला लोकसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। राठी इस समय पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हैं। पंचकूला में पार्टी का झंडा उठाने वाले पहले आदमी हैं। राठी ने नियुक्ति पर पार्टी हाइकमान विशेषकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, हरियाणा अध्यक्ष सुशील गुप्ता, ,संगठन महामंत्री संदीप पाठक, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग डंडा का आभार व्यक्त किया है।आम आदमी पार्टी के नेशनल काउंसिल के मेंबर सुरेंद्र राठी पार्टी के विभिन्न पदों पर कम कर चुके हैं।


**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED**
District Office- Hafed, Rohtak (Haryana). TEL: (01262)- 276856
E-Mail : dmhfdrtk@hry.nic.in

**SHORT TERM E-TENDER NOTICE**

The Haryana State Cooperative Supply and Marketing Federation Limited (HAFED) Rohtak invites E-tender for Handling & Transportation of Foodgrains under MDM scheme for the year 2024-2025 (01.04.2024 to 31.03.2025) of Jhajjar Districts.

| Sr. No. | Name of Work | EMD to be deposited | Tender Document Fee and E services fees | Start Date & Time of Bid Preparation & Submission | Expiry Date & Time of Bid Preparation & Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Handling & Transportation of foodgrains under MDM Scheme of Jhajjar District | Rs.100000 | 500/-+ Rs. 1000/-=1500/- | 20.03.2024 At 05.00 P.M. | 26.03.2024 At 05.00 P.M. |

The tender document containing eligibility criteria and other terms & conditions is available at Haryana Single e-procurement portal at https://etender.hry.nic.in or Hafed website www.hafed.gov.in. The schedule of downloading of tender document & bid submission and opening of Technical & Financial Bid is given as under :-


| SN | Particulars | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | Super scribed No. of Tender | Hafed/DOR/MDM/Tender |
| 2 | On line submission of EMD, Tender Fee & e-service Fee | From 05:00 PM on 20.03.2024 |
| 3 | On line Bid submission | Upto 05.00 PM on 26.03.2024 |
| 4 | Date and Time of opening of Technical Bids | At 10.00 AM on 27.03.2024 |
| 5 | Date and Time of opening of Financial Bids of only valid As per decision of the tender committee Tenderer | |

All bidders are required to get register on e-tendering portal (https://etender.hry.nic.in) for applying of online e-tender. Technical & Financial bid will be opened at District Office, Hafed Rohtak, and negotiations will be held on the same day. Hafed reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

Sd/- District Manager,
Hafed Rohtak







# हिसार लोकसभा हॉट सीट: बांगर और बांगड़ की चौधर लेकर चलती रही है सियासी जंग

## 2019 लोकसभा चुनाव : मोदी लहर में चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह एक बार फिर से बांगड़ की चौधर बांगर में ले जाने में कामयाब रहे

शमशेर सैनी ▶▶| हिसार

हिसार लोकसभा सीट प्रदेश की हॉट सीट में शुमार रही है। यहां पर प्रदेश के बड़े राजनीतिक घरानों की सियासी टक्कर होती रही है। हिसार संसदीय सीट पर मतदाताओं ने कभी बांगर के तो कभी बांगड़ क्षेत्र के चेहरों को गले लगाया और लोकसभा के लिए सांसद बनाकर भेजा। वर्ष 2004 से पहले के हिसार संसदीय सीट पर बांगर क्षेत्र के नेताओं का जलवा बरकरार था, लेकिन नई परिसीमन में बांगर की राजनीति ताकत पर कैंची चला दी गई, जिसका नतीजा यह हुआ कि बागड़ क्षेत्र के नेता हावी हो गए। वर्ष 2019 को छोड़कर नई परिसीमन के बाद हिसार लोकसभा के दो आम चुनाव और एक उपचुनाव हुआ, जिसमें बांगड़ की धरती से जुड़े नेता ही लोकसभा की चौखट पर पहुंचने में कामयाब हुए। वर्ष




2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह एक बार फिर से बागड़ की चौधर बांगर में ले जाने में कामयाब रहे।

1977 के लोकसभा चुनाव से पहले हिसार लोकसभा चुनाव में हिसार शहर, बागड़ क्षेत्र या बाहरी व्यक्तियों का प्रभाव था। वर्ष 1952 में पहले सांसद बने लाला अचिंतराम मूलरूप से दिल्ली के निवासी थे। ठाकुर दास भार्गव व रामकिशन गुप्ता हिसार से व मनीराम बागड़ी पीलीमंदौरी से संबंध रखते थे और इन क्षेत्रों को बागड़. क्षेत्र के रूम में जाना जाता है। वर्ष 1977 के लोकसभा चुनाव में उचाना विधानसभा सीट के गांव डूमरखां निवासी इंद्र सिंह श्योकंद ने जीत दर्ज कर राजनीतिक चौधर को बागड़ से बांगर की धरती पर लेकर आए। उनके बाद डूमरखां निवासी सर छोटूराम के नाती बीरेंद्र सिंह डूमरखां ने 1984 में बांगर की चौधर को बनाए रखा। डूमरखां के बाद वर्ष 1989, 1996 व 2004 में जयप्रकाश, 1998 से 2004 तक सुरेंद्र बरवाला, 1991 से 1996 तक मास्टर नारायण सिंह ने हिसार लोकसभा क्षेत्र से जीत दर्ज करके बांगर की चौधर को कायम रखने का काम किया।

### 2009 के परिसीमन में बदली तस्वीर

2009 में परिसीमन के दौरान बांगर क्षेत्र की राजनीतिक शक्ति को छिन्न-भिन्न कर दिया गया। बांगर क्षेत्र के नरवाना विधानसभा क्षेत्र को सिरसा लोकसभा क्षेत्र में, कलायत विधानसभा क्षेत्र को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में तथा जींद विधानसभा क्षेत्र को सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में शामिल कर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ बागड़ के विशेष क्षेत्र आदमपुर को भिवानी लोकसभा की जगह हिसार लोकसभा में डाल दिया गया। इसके कारण बांगर के नेताओं का राजनीतिक प्रभाव हिसार लोकसभा में कम हुआ और बागड़ क्षेत्र की राजनीति शक्ति और मजबूत हो गई। इसका परिणाम यह निकला कि मई 2009 चौधरी भजनलाल तथा 2011 में चौधरी भजनलाल के निधन के बाद हिसार लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कुलदीप बिश्नोई ने बागड़ की चौधर को बनाया रखी। वर्ष 2014 के लोकसभा आम चुनावों में दुष्यंत चौटाला ने भी बागड़ की चौधर को कायम रखा।

### 2014 में दुष्यंत बांगड़ में ले गए थे चौधर

वर्ष 2019 के चुनाव में प्रदेश ही नहीं पूरे देश में मोदी की लहर चल रही थी। मोदी की लहर में भाजपा ने प्रदेश की दस सीटों पर कमल खिलाने का काम किया। हिसार हॉट सीट से बांगर की धरती से आने वाले भाजपा प्रत्याशी बृजेंद्र सिंह ने जेजेपी प्रत्याशी दुष्यंत चौटाला को 3 लाख 14 हजार 68 वोट लेकर बागड़ के एरिया से चौधर छीनकर ले गए थे। बृजेंद्र सिंह को 6 लाख 3 हजार 289 तथा दुष्यंत चौटाला को 2 लाख 89 हजार 221 तथा कांग्रेस प्रत्याशी भव्य बिश्नोई को 1 लाख 84 हजार 369 वोट मिले थे।

### हिसार लोस क्षेत्र रहा है मुख्य सियासी केंद्र

हरियाणा की राजनीति में हिसार लोकसभा क्षेत्र मुख्य सियासी केंद्र रहा है। हिसार की धरती ने देश व प्रदेश को राजनीति के बड़े चेहरे दिए हैं, जिन्होंने अपने बलबूते पर अपनी एक अलग पहचान कायम की। हिसार के प्रथम सांसद लाला अचिंत राम ने शानदार तरीके से लोकसभा में हिसार की आवाज को गुंजाए रखा। बाद में उनके पुत्र कृष्णकांत देश के उपराष्ट्रपति बने। हिसार लोकसभा सीट के दूसरे सांसद ठाकुर दास भार्गव थे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए। उनके छोटे भाई गोपीचंद भार्गव वर्ष 1947 व 1951 तक संयुक्त पंजाब के प्रथम मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 1962 व 1980 में सांसद बने मनीराम बागड़ी के चर्चे पूरे देश में रहे हैं। बागड़ी ने आम आदमी के दिल पर अपनी छाप छोड़ी।

### जयप्रकाश 3 बार सांसद बने लेकिन अलग-अलग पार्टी से

हरियाणा बनने के बाद 1967 में हुए लोकसभा चुनाव में रामकिशन गुप्ता हिसार से सांसद निर्वाचित हुए। वर्ष 1971 में मनीराम गोदारा को हाथों मनीराम बागड़ी को हार का मुंह देखना पड़ा। वर्ष 1977 में इंद्र सिंह श्योकंद ने एकतरफा जीत दर्ज की। वर्ष 1984 के लोकसभा चुनाव में चौधरी बीरेंद्र सिंह डूमरखां ने हरियाणा की राजनीति के तीन लालों में से एक चौधरी देवीलाल के पुत्र ओमप्रकाश चौटाला को हराकर सनसनी फैला दी। वर्ष 1989 में पहली बार जनता दल की टिकट से सांसद बने जयप्रकाश को केंद्र में मंत्री बनाया गया। बांगर की धरती से आने वाले जयप्रकाश को 1996 में हरियाणा विकास पार्टी व 2004 में कांग्रेस पार्टी से हिसार के सांसद का ताज मिला। वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में जयप्रकाश को बांगर की धरती के लाल मा. नारायण सिंह ने हराकर राजनीति में तहलका मचा दिया था। वर्ष 1998 व 1999 में सुरेंद्र बरवाला हिसार के सांसद बने। सुरेंद्र बरवाला ने 1998 में देश के बड़े उद्योगपतियों में शुमार ओमप्रकाश जिंदल तथा 1999 के मध्यावधि चुनाव में बीरेंद्र सिंह डूमरखां को हराया। वर्ष 2004 तक हिसार लोकसभा सीट पर बांगर क्षेत्र के नेताओं का दबदबा रहा।

## खबर संक्षेप



### जींद: कॉटन फैक्ट्री में आग से भारी नुकसान

**जींद।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित कॉटन फैक्टरी में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों रुपये की कॉटन जल कर राख हो चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि शॉट सर्किट के कारण आग लगी है।

### एसआई लगवाने का झांसा दे हड़पे पांच लाख

**जींद।** हरियाणा पुलिस में एसआई लगवाने का झांसा देकर पांच लाख रुपये हड़पने तथा रिर्टन तौर पर दिए गए चैक बाउंस होने पर जुलाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी ,धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फेसबुक पर अलमारी बेचने का नाम पर ठगी

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने फेसबुक पर अलमारी बेचने का झांसा देकर विष्णु गार्डन निवासी परमजीत से 18760 रुपये ठग लिए। महिला को जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस साइबर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### साइबर ठग ने ठगे 34,998 रुपये

**यमुनानगर।** खुद को पिता का दोस्त बताकर साइबर ठग ने टिब्बी अराइयां गांव निवासी डॉक्टर मनिंद्र सिंह से 34998 रुपये ठग लिए। प्रताप नगर थाना पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टिब्बी अराईयां गांव निवासी मनिंद्र सिंह ने प्रताप नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह डॉक्टर है। उसका इंडसइंड बैंक में खाता है। 15 सितंबर 2023 को उसके पास अनजान नंबर से फोन आया।

### बैंक कर्मचारियों से परेशान व्यक्ति ने काटी हाथ की नस

**फतेहाबाद।** बीघड़ चौक पर स्थित सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के बाहर बुधवार को एक व्यक्ति ने अपने हाथ की नस काट ली। उक्त व्यक्ति काफी देर खून से लथपथ हालत में बैंक के गेट के बाहर बैठा रहा। इस बारे सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस कर्मचारियों ने उसके हाथ पर रुमाल बांधकर उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया।



## रेवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र धारूहेड़ा में ऑटो पार्ट्स कंपनी में हुआ था हादसा

# डस्ट कलक्टर फटने से झुलसे 4 कर्मियों की मौत, 10 की हालत अभी भी गंभीर

- 16 मार्च की शाम कंपनी में अचानक धूल-मिट्टी संग्रह करने वाला डस्ट कलेक्टर फट गया था
- हादसे में झुलसे 18 कर्मचारी रोहतक पीजीआई व दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

औद्योगिक क्षेत्र धारूहेड़ा में ऑटो पार्ट्स बनाने वाली लाइफ लॉन्ग कंपनी में डस्ट कलक्टर फटने से हुए ब्लास्ट में झुलसे करीब 40 कर्मचारियों में से चार श्रमिकों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। हादसे में झुलसे दस से ज्यादा कर्मचारियों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। 16 मार्च की शाम कंपनी में अचानक धूल-मिट्टी संग्रह करने वाला डस्ट कलेक्टर फट गया, जिससे लगी आग से चार दर्जन से ज्यादा कर्मचारी बुरी-तरह झुलस गए। कर्मचारियों के शरीर के स्किन अलग हो गई। कर्मचारियों को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए कुछ कर्मचारियों को रोहतक पीजीआई तो कुछ को दिल्ली के लिए रेफर किया गया। हादसे में झुलसे 18 कर्मचारी रोहतक पीजीआई व दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के अनुसार हादसे में यूपी के मैनपुरी निवासी अजय, यूपी के बहराइच निवासी विजय, यूपी के गोरखपुर निवासी रामू व यूपी के फैजाबाद निवासी राजेश की मंगलवार देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई है। हादसे में कुल 40 के करीब कर्मचारी झुलसे थे। इनमें 10 कर्मचारी रेवाड़ी ट्रॉमा सेंटर, 20 कर्मचारी पीजीआई रोहतक और चार कर्मचारियों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जबकि धारूहेड़ा के अस्पताल में भर्ती 5 और रोहतक पीजीआई में भर्ती एक श्रमिक को इलाज के बाद हालत ठीक होने पर छुट्टी मिल चुकी है।



रेवाड़ी। ट्रामा सेंटर में भर्ती घायलों का फाइल फोटो।

### कंपनी मालिक और ठेकेदार के खिलाफ केस

मामले में कंपनी मालिक और ठेकेदार के खिलाफ के खिलाफ केस भी दर्ज हो चुका है तथा मुख्यमंत्री के आदेश पर गठित कमेटी मामले की जांच कर रही है। एटक कमेटी भी कंपनी में हुए हादसे को लेकर लगातार जांच करने की मांग कर रही है। एटक महासचिव कॉमरेड अजय कुमार, कॉमरेड सतीश कुमार, कॉमरेड अशोक कुमार व कॉरेड वेदप्रकाश दहिया ने बताया कि कंपनी में पहले भी दो बार डस्ट कलक्टर फट चुका है, जिसकी अभी तक जांच नहीं की गई है। हालांकि उस समय कुछ ज्यादा नुकसान नहीं हुआ था, लेकिन कंपनी मालिक ठीक व्यवस्था करता तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता। उन्होंने मृतकों के परिवार को 50 लाख, गंभीर घायलों को 30 लाख व नार्मल को 10 का मुआवजा देने की भी मांग की है।

### पोस्टमार्टम कराया

धारूहेड़ा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि हादसे में झुलसे चार कर्मचारियों की उपचार के दौरान मौत हो चुकी है। तीन कर्मचारियों का रोहतक पीजीआई और एक कर्मचारी का दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद बॉडी को परिवार को सौंपा जाएगा।

## टटियाना बार्डर खुलने से लोगों ने ली राहत की सांस



**गुहला-चीका।** हरियाणा पंजाब सीमा पर स्थित टटियाना बार्डर खुल जाने के बाद अब आम लोगों की जिन्दगी एक बार फिर पटरी पर लौटने लगी है। मालूम रहे कि सरकार ने किसान आन्दोलन के चलते बार्डर को गत 12 फरवरी को बंद कर दिया था परंतु अब परिस्थितियां सामान्य होने के चलते बार्डर को खोल दिया गया है, जिसके कारण यहां आम दिनों की तरह ही आवाजाही शुरू हो गई है, जिससे प्रशासन के साथ साथ लोगों ने भी राहत की सांस ली है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कैथल पटियाला वाया गुहला चीका स्टेट हाई वे है, जो कि दिल्ली से चलने वाले किसी भी व्यक्ति को बाघा बार्डर तक सीधा ले जाने की क्षमता रखती है। इसके अतिरिक्त इस स्टेट हाई वे का व्यापारिक दृष्टि से भी अपना ही महत्व है।

# बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेशभर में नकल के सात मामले दर्ज

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को प्रदेशभर में संचालित करवाई गई सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) शारीरिक शिक्षा एवं डीएलएड (रि-अपीयर/मर्सी चांस) की परीक्षाएं नकल-रहित सुचारू रूप से संचालित हुई तथा नकल के सात मामले दर्ज किए। बुधवार को 1065 परीक्षा केन्द्रों पर सीनियर सेकेंडरी तथा डीएलएड की परीक्षाओं में 90296 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि उनके उड़नदस्ते ने जिला-झज्जर तथा बोर्ड सचिव के उड़नदस्ते ने जिला-महेन्द्रगढ़ व चरखी-दादरी के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जहां परीक्षाएं नकल-रहित व शान्तिपूर्वक चल रही थी तथा नकल का कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ। बोर्ड द्वारा गठित किए अन्य उड़नदस्तों ने प्रदेशभर में नकल के कुल सात मामले दर्ज किए।

## पंचकूला के होटल में लिया था कमरा, पति ने दर्ज करवाई थी गुमशुदगी रिपोर्ट

# घर से लापता विवाहिता ने होटल में प्रेमी के साथ निगला जहर, दोनों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लापता हुई विवाहिता ने अपने प्रेमी के साथ जहर निगलकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव पंचकूला के मोरनी हिल के एक होटल में मिले हैं। विवाहिता दो दिन पहले ही रात को अपने पति व 2 बच्चों को सोते हुए घर से प्रेमी के साथ लापता हो गई थी। पति ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। प्रेमी की शिनाख्त पंचकूला के गांव जलौली के अमनदीप के तौर पर हुई जबकि विवाहिता गांव दादूपुर की रहने वाली थी। पंचकूला पुलिस के मुताबिक, अमनदीप और विवाहिता ने मंगलवार की सुबह 9 बजे रायपुर रानी-टिकरताल रोड स्थित नैंसी होटल में कमरा नंबर 203 लिया था। यहां विवाहिता ने अपनी आईडी दी थी लेकिन युवक ने सिर्फ अपने नाम की एंट्री कराई थी। शाम 5 बजे तक भी जब दोनों कमरे से बाहर नहीं निकले तो शक होने पर होटल स्टाफ ने पहले कॉल किया, जब कॉल नहीं उठाई तो दरवाजे के पास से आवाज लगाई, लेकिन कमरा नहीं खोला तो मोरनी पुलिस चौकी को कॉल करके इसकी सूचना दी। मोरनी पुलिस चौकी प्रभारी एसआई रवि ने बताया कि पुलिस होटल में पहुंची और दरवाजा तोड़ कमरे में घुसे। यहां विवाहिता का शव अर्धनग्न हालत में मिला। दोनों ने जहर निगला हुआ था। विवाहिता की मौत हो चुकी थी। जबकि युवक की सांस चल रहे थे, बाद में प्रेमी ने भी चंडीगढ़ के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार को दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, युवक और विवाहिता का पिछले लंबे समय से अफेयर चल रहा था। पहले भी दोनों मिलते रहे हैं। 18-19 मार्च की रात को महिला अपनी ससुराल से भाग आई थी।

## नेताओं का भी मिल रहा साथ, वीडियो वायरल होने पर हुआ खुलासा

# सोनीपत में तंत्र-मंत्र का खेल, लोगों को बलि देने को उकसा रहा बाबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा में सोनीपत के ठरू गांव में एक बाबा पर लोगों में धार्मिक भावनाएं भड़काकर बलि देने के लिए उकसाने व अंधविश्वास की तरफ धकेलने का मामला सामने आया है। जिसमें बाबा को कुछ नेताओं का भी साथ मिल रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोनीपत। दुनिया भले ही 21वीं सदी में जा चुकी हो, परंतु भारत में लोगों की धार्मिक आस्था को ढ़ाल बनाकर विभिन्न धर्मों से जुड़े कथित बाबा, मौलवी आज भी धड़ल्ले से अंधविश्वास को बढ़ावा देने का खेल खेल रहे हैं। सोनीपत के ठरू गांव में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां एक बाबा कुछ प्रभावशाली लोगों के साथ मिलकर लोगों को अपना भाग्य चमकाने के लिए बलि प्रथा को बढ़ावा देने के लिए उकसा रहा है। शिकायतकर्ता ने शिकायत के साथ पैन ड्राईव में बाबा का वीडियो भी पुलिस को सौंपा है। बाबा का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सोनीपत सदर थाना पुलिस ने सिक्योरिटी एजेंट सुरेंद्र की शिकायत पर बाबा सूर्यदेव के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल बाबा की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

### मिल रही थी शिकायतें

ईएचसी सुरेंद्र ने बताया कि बाबा सुरेश उर्फ सूर्यदेव गांव ठरू का ही रहने वाला है। जिसके बारे में लंबे समय से तंत्र मंत्र करने व लोगों में अंधविश्वास फैलाने की शिकायतें मिल रही थी। अपने इस काम में उन्हें कुछ प्रभावशाली लोगों का भी साथ मिल रहा है। लोगों में अंधविश्वास फैला रहा है, बल्कि उन्हें बलि देने के लिए भी उसकता है।

### अंधविश्वास को दे रहा बढ़ावा

शिकायत में ईएचसी सुरेंद्र ने बताया कि उसे लंबे समय से ऐसी शिकायतें मिल रही थी, परंतु उसके पास इसका कोई प्रमाण नहीं था। उसे सोशल मीडिया पर बाबा का एक वीडियो मिला। जिसमें वह अंधविश्वास को बढ़ावा देते हुए लोगों को बलि देने के लिए उकसा रहा है। वीडियो में बाबा लोगों को उकसाने के लिए नेताओं द्वारा दी जाने वाली बलि का भी हवाला देता सुनाई दे रहा है। वीडियो में बाबा बलि प्रथा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को गालियां देकर उनकी धार्मिक भावनाओं को भी आहत कर रहा है। शिकायत में बाबा के खिलाफ सामाजिक व धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने, लोगों को गाली गलौच करने व धार्मिक भावनाएं भड़काने की शिकायत दर्ज करने की मांग की थी।

## गुहला-चीका : राजकीय महिला कॉलेज के ग्रुप में अश्लील वीडियों डालने का मामला

# प्रोफेसर के खिलाफ उतरे लोग, कमेटी ने बंद लिफाफे में सौंपी रिपोर्ट, आरोपी ने समय मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

राजकीय महिला कालेज में कॉलेज के ही एक प्रोफेसर जितेंद्र कुमार द्वारा छात्राओं के बने एक शैक्षणिक सोशल ग्रुप में भेजे एक अशलील वीडियो लिंक के मामले को लेकर कालेज प्रशासन द्वारा डाक्टर भैरवी की अध्यक्षता में गठित की गई तीन सदस्यों की एक जांच कमेटी ने बंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट कालेज प्रिंसिपल व अन्य सम्बन्धित उच्च अधिकारियों को भेज दी है। वहीं आरोपियों ने 15 दिन का समय मांगा है। जांच कमेटी डाक्टर रजनी व डाक्टर मिनाक्षी भी शामिल हैं। उक्त मामले का भंडाफोड़ हो जाने के बाद शहर के लोगों व छात्राओं के अभिभावकों में कालेज प्रशासन व सम्बन्धित प्रोफेसर के खिलाफ गुस्सा उबाल पर है नतीजतन आज दर्जनों अभिभावक कालेज परिसर पहुंचे और उन्होंने कालेज के कार्यकारी प्रिंसिपल राजेन्द्र अरोड़ा व जांच कमेटी से मुलाकात की और उक्त प्रोफेसर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सन्नी कालड़ा, सुरेंद्र वधावन, भीम कौशिक, दीपक कुमार, राम मेहर आदि ने चेतावनी दी कि यदि जांच पारदर्शी तरीके से ना हुई तो कालेज के बाहर धरना देकर प्रदर्शन देंगे।



गुहला-चीका। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते गुहला के निवासी।

### जांच कमेटी ने रिपोर्ट कालेज प्रशासन को सौंपी

उक्त मामले की जांच कर रही कमेटी की मुखिया डाक्टर भैरवी ने मौके पर गए पत्रकारों को बताया कि उन्होंने छात्राओं के बयान दर्ज कर आरोपी प्रोफेसर से भी इस सम्बन्ध में बयान दर्ज करवाने के लिए कहा है परंतु उन्होंने कमेटी से अपना जवाब देने के लिए 15 दिनों का समय मांगा है। भैरवी ने बताया कि अभी उन्होंने उक्त प्रोफेसर को उसके अनुसार समय नहीं दिया है और कानूनी राय ली जा रही है, जिसका निर्णय बाद में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी रिपोर्ट कालेज प्रशासन को सौंप दी है।

## मौसम | गत वर्ष के मुकाबले 7.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा तापमान

# मौसम का बदला मिजाज, ठंड को कहिए बाय बाय, दिन गर्म, सुबह मीठी ठंड का एहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बदलते मौसम व रोजाना बढ़ते तापमान के बीच दिन के समय गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह व शाम के समय हल्की ठंड का असर अभी भी बना हुआ है, लेकिन दोपहर के समय गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। तापमान में वृद्धि के पंखे भी चलने लगे है। सप्ताह के अंत में पचिम विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में फिर बदलाव आने की संभावना है।

बुधवार को रात के तापमान में 2 डिग्री की कमी व दिन के तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। गत वर्ष 20 मार्च को ओलावृष्टि व बरसात के कारण मौसम ठंडा बना हुआ था तथा अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस था।

अबकी बार मौसम साफ रहने से अधिकतम तापमान गत वर्ष के मुकाबले 7.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है, जबकि रात का तापमान गर्त वर्ष 15.2 डिग्री सेल्सियस इस वर्ष से ज्यादा था। अब धीरे-धीरे गर्मी का बढ़ना शुरू हो गया है। बुधवार को अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता सप्ताह के अंत में मौसम में बदलाव ला सकती है।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में फड पर सुखाई जा रही सरसों। फोटो : हरिभूमि

### सरसों की आवक तेज

अनाजमंडी में सुखाई जा रही सरसों रोजाना तेजी से बढ़ रहा तापमान गेहूं की पछेती फसल के लिए ठीक नहीं है। अगेती फसल इस समय पकाव की ओर है, जबकि पछेती फसल में अभी दाना बनना शुरू हुआ है। तापमान बढ़ने से पछेती फसल पर दीमक का प्रकोप शुरू हो सकता है। फसल पहले ही कटाई के लिए तैयार हो जाएगी, जिससे दाना कमजोर रहने से उत्पादन प्रभावित होगा। जिले में सरसों की कटाई का कार्य करीब 70 फीसदी तक पूरा हो चुका हैं। अनाज मंडियों में आ रही सरसों को फडों पर सुखाया जा रहा है। काफी किसान घरों पर सरसों सुखा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सोना 70 रुपए चढ़ा, चांदी में 150 रुपए की तेजी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 70 रुपये की तेजी के साथ 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 150 रुपये की तेजी के साथ 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

### अवाडा एनर्जी का डीवीसी से बिजली खरीद समझौता



**नई दिल्ली।** अवाडा एनर्जी की शाखा अवाडा इनक्लीन ने गुजरात में 421 मेगावाट की अपनी सौर परियोजना से दामोदर घाटी निगम को बिजली की आपूर्ति करने का समझौता किया है। वह गुजरात में 421 मेगावाट की सौर बिजली परियोजना स्थापित करने की योजना बना रही है। बिजली डीवीसी को बेचने के 25 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### सेबी से भारती हेक्साकॉम के आईपीओ को मंजूरी



**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल की इकाई भारती हेक्साकॉम को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। हेक्साकॉम के आईपीओ में कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा। यह पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा।

# टैक्सी ड्राइवर का बेटा मुस्तफा सुलेमान बना माइक्रोसाफ्ट एआई का सीईओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सुलेमान ने 2010 में एआई लैब डीप माइंड नाम की कंपनी शुरू की थी


दिग्गज टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बिजनेस के लिए मुस्तफा सुलेमान को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बना दिया है।

इसकी जानकारी मुस्तफा सुलेमान ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है। उनकी टीम माइक्रोसॉफ्ट को एआई प्रोडक्ट्स प्रदान करेगी। यह टीम एज, बिंग और कोपायलट जैसे कई माइक्रोसाफ्ट एआई प्रोडक्ट्स और सर्विस पर काम करेगी। इसके साथ ही मुस्तफा सुलेमान माइक्रोसॉफ्ट के एआई सीईओ के पद के साथ ही कंपनी के सीनियर टीम का हिस्सा रहेंगे। यह टीम सत्या नडेला के अंडर काम करेगी।

## खुद सुलेमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी जानकारी

### गूगल से विवाद के चलते छोड़ी कंपनी

लैब डीप माइंड के गूगल द्वारा अधिग्रहण के बाद सुलेमान को लंबे वक्त तक इस टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया। इसके बाद गूगल से विवाद के चलते सुलेमान ने साल 2022 में कंपनी को छोड़ दिया। अब उन्होंने सत्या नडेला की माइक्रोसॉफ्ट को ज्वाइन कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुस्तफा सुलेमान के माइक्रोसॉफ्ट में शामिल होने के बाद से ही कंपनी कई दूसरे लोगों को भी अपनी टीम में शामिल कर सकती है।



### पिता चलाते थे टैक्सी

मुस्तफा सुलेमान का जन्म साल 1984 में यूके में हुआ था। उनके पिता सीरिया में टैक्सी चलाने का काम करते थे और मां यूके में नर्स थीं। उनका बचपन गरीबी में बीता है। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई यूके के थॉर्नहिल प्राइमरी स्कूल से की है। केवल 19 साल की उम्र में उन्होंने यूनिवर्सिटी छोड़ दिया था। साल 2010 में उन्होंने डेमिस हसाबी के साथ मिलकर डीप माइंड एआई कंपनी की शुरुआत की थी।

### गूगल में भी कर चुके हैं काम

मुस्तफा सुलेमान ने साल 2010 में एआई लैब डीप माइंड नाम की कंपनी की शुरुआत की थी। इसके बाद साल 2014 में इस कंपनी का अधिग्रहण गूगल ने कर दिया था। लैब डीप माइंड को माइक्रोसॉफ्ट की एआई का टक्कर देने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है।

# बाजार में खराब गुणवत्ता की चाय से छोटे उत्पादक चिंतित

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



- सीआईएसटीए ने चाय बोर्ड से हस्तक्षेप की मांग की
- युवाओं के बीच खपत बढ़ाने अभियान चलाया जाए

छोटे चाय उत्पादकों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल टी ग्रोअर्स एसोसिएशन (सीआईएसटीए) ने बाजार में कथित तौर पर खराब गुणवत्ता वाली चाय की बाढ़ पर चिंता व्यक्त की है और इस संबंध में चाय बोर्ड के हस्तक्षेप का आग्रह किया है।

चाय बोर्ड के चेयरमैन ए एस भाटिया को लिखे एक पत्र में सीआईएसटीए के अध्यक्ष बिजॉय गोपाल चक्रवर्ती ने कहा कि चाय पीने के स्वास्थ्य लाभों पर केंद्रित एक सामान्य अभियान उन युवाओं के बीच खपत को बढ़ावा देने के लिए चलाया जाना चाहिए जो शीतल पेय और कॉफी पीने के लिए अधिक आकर्षित होते हैं।

एसोसिएशन ने पत्र में कहा, 'हमने देखा है कि घरेलू बाजार में खराब गुणवत्ता वाली चाय की बाढ़ आ गई है और इन्हें बहुत कम कीमत पर बेचा जा रहा है। खराब गुणवत्ता वाली चाय का निर्माण और पैकेजिंग तुरंत बंद की जानी चाहिए। सीआईएसटीए ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने चाय के सामान्य अभियान के लिए बजट बढ़ाया है जो समय की मांग है। पत्र में कहा गया है, 18 वर्ष से 22 वर्ष के आयु वर्ग के युवा चाय पीने से बहुत दूर हैं और शीतल पेय और कॉफी के प्रति अधिक आकर्षण रखते हैं। चाय की प्रति व्यक्ति घरेलू खपत बढ़ाने के लिए चाय पीने के स्वास्थ्य लाभ पर प्रकाश डालने वाले एक केंद्रित सामान्य अभियान की आवश्यकता है।'एसोसिएशन ने टी बोर्ड के अध्यक्ष को लिखे एक अन्य पत्र में कहा कि चूंकि हरी पत्ती (ग्रीन टी) की कीमत पिछले सात साल से लगभग स्थिर है और उत्पादन लागत बढ़ रही है, इसलिए न्यूनतम समर्थन मूल्य या उचित मूल्य की आवश्यकता है।

### छोटे उत्पादकों की कुल उत्पादन में आधी हिस्सेदारी


सीआईएसटीए ने कहा, 'अगर हरी पत्ती के लाभकारी मूल्य पर पहुंचने के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, तो छोटे चाय उत्पादक खुद को बनाए रखने में सक्षम नहीं होंगे।' छोटे चाय उत्पादक, देश के कुल उत्पादन में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान करते हैं।

# भारत में बढ़ रही है असमानता, सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी के पास 40 प्रतिशत संपत्ति

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

- भारत की शीर्ष एक प्रतिशत आमदनी हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है। यह दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक है।"

भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.1 प्रतिशत हो गई है। 'भारत में आमदनी और संपदा में असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। यह रिपोर्ट थॉमस पिकेटी (पेरिस स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब), लुकास चांसल (हार्वर्ड कैनेडी स्कूल एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब) और नितिन कुमार भारती (न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी और वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब) द्वारा लिखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, "2022-23 तक सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों का आय और संपदा में हिस्सा ऐतिहासिक उच्चस्तर क्रमशः 22.6 प्रतिशत और 40.1 प्रतिशत पर था। भारत की शीर्ष एक प्रतिशत आमदनी हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है। यह दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक है।" रिपोर्ट में कहा गया कि शुद्ध संपत्ति के नजरिये से भारतीय आयकर प्रणाली प्रतिगामी नजर आती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आर्थिक आंकड़ों की गुणवत्ता काफी खराब है और हाल ही में इसमें गिरावट देखी गई है। इसमें कहा गया है कि भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी का आमदनी में हिस्सा ऊंचे स्तर पर है। यह संभवतः सिर्फ पेरू, यमन और कुछ अन्य देशों से ही कम है।



### राज्यमंत्री विशंभर से मिली ईएमसीएच की टीम

**चंडीगढ़।** इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा(ईएमसीएच) के चेयरमैन डॉ विनोद खनगवाल और उनकी टीम ने बुधवार को प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री विशंभर बाल्मीकि से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उनके साथ ऑल इंडिया अल्टरनेटिव मेडिकल काउंसिल इंडिया के चेयरमैन डॉ. महिपाल सिंह, केडीईएच फार्मा की चेयरमैन डॉ. ऊषा खनगवाल, डॉ. ज्ञानचंद सैनी और डॉ. रामलाल भी मौजूद रहे। डॉ खनगवाल ने बताया कि बाल्मीकि ने उन्हें आश्वासन दिया है कि मंत्री पद संभालने के बाद वे इलेक्ट्रोहोम्योपैथी को मान्यता दिलाने के लिए अपनी तरफ से भरपूर प्रयास करेंगे।

## रोजगार सृजन के लिए आठ प्रतिशत की वार्षिक ग्रोथ दर रखने की जरूरत : सुब्रमण्यम

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत को गरीबी और असमानता को कम करने तथा पर्याप्त संख्या में नौकरियों के सृजन के लिए निरंतर आधार पर आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने यह बात कही है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 की अंतिम तिमाही में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह पिछले डेढ़ साल में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। ओएमआई फाउंडेशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार सुब्रमण्यम ने कहा, ''भले ही हम सात प्रतिशत की दर से बढ़ें, हमें इससे संतुष्ट नहीं होना चाहिए। हमें आठ प्रतिशत और उससे अधिक की दर हासिल करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि देश को बहुत सारा बुनियादी ढांचा बनाने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने से हमारे पास बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा करने की क्षमता होगी। इससे गरीबी और असमानता घटेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर में वृद्धि दर पिछले तीन वर्षों की 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से अधिक है। इसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत करने में मदद मिली है।

### रिजर्व बैंक के गवर्नर, सेबी की चेयरपर्सन ने वित्त मंत्री सीतारमण से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार मुलाकात की। वित्त मंत्री के साथ दास की यह बैठक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक से करीब एक पखवाड़ा पहले हुई है। सीतारमण के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि वित्त मंत्री ने शेयर बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के साथ भी बैठक की है। ये बैठकें ऐसे समय में हो रही हैं जब उद्योग जगत ब्याज दरों में कटौती की मांग कर रहा है और शेयर बाजारों में भारी अस्थिरता देखी जा रही है। आरबीआई ने फरवरी, 2023 से प्रमुख नीतिगत दर या रेपो को 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर कायम रखा है। माना जा रहा है कि एमपीसी की बैठक में एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति और वृद्धि की परिदृश्य पर अनुमान पेश किया जाएगा।

### भारत का सौर कचरा 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंचने की संभावनाः रिपोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत का सौर कचरा 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंच सकता है। बुधवार को जारी एक शोध रिपोर्ट के अनुसार, यह ओलंपिक आकार के 720 स्वीमिंग पूल (तरणताल) को भरने के बराबर है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और स्वतंत्र शोध संस्थान काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायर्नमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया कि इस कचरे का लगभग 67 प्रतिशत पांच राज्यों- राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से आएगा।

## सूचना

मैं, पुनम पत्नी श्री ओम प्रकाश निवासी गांव सांपला नार-शिव मंदिर झज्जर रोड, वार्ड नं. 8, तहसील सांपला, जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दिनेश कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### देश में 5जी ग्राहक 4जी की तुलना में अधिक डेटा इस्तेमाल कर रहे


**नई दिल्ली।** भारत में 5जी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले मोबाइल ग्राहक 4जी उपभोक्ताओं की तुलना में मोबाइल डेटा का इस्तेमाल 3.6 गुना अधिक कर रहे हैं। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत अक्टूबर, 2022 में हुई थी। नोकिया की बुधवार को जारी 'मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का योगदान 15 प्रतिशत रहा है। रिपोर्ट कहती है, ''5जी ग्राहक 4जी की तुलना में लगभग 3.6 गुना अधिक मोबाइल डेटा ट्रैफिक का उपयोग कर रहे हैं। 2023 में उपयोगकर्ताओं ने 17.4 एक्साबाइट प्रति माह की खपत की।

### रिजर्व बैंक ने डीसीबी बैंक पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 'अग्रिम पर ब्याज दर' से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए डीसीबी बैंक और तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक पर जुर्माना लगाया है।डीसीबी बैंक पर 63.6 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है।

# सेंसेक्स 90 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- रिलायंस, आईटीसी और एसबीआई में रही खरीदारी
- छोटे कंपनियों के शेयरों में रही बिकवाली

वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एसबीआई के शेयरों में लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, रुपये में गिरावट और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव से बाजार का लाभ सीमित रहा। अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 89.64 अंक की बढ़त के साथ 72,101.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 72,402.67 अंक के ऊपरी स्तर और 71,674.42 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। निफ्टी 21.65 अंक की बढ़त के साथ 21,839.10 अंक पर बंद हुआ। भारतीय बाजार बढ़त में रहे। घरेलू संस्थागत निवेशकों के मजबूत रुख ने बाजार में तेजी को रफ्तार दी। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

*सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी, नेस्ले, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।*

## ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पायें

नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनों से छुटकारा, मुकदमा रूठों को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि

दीपक शास्त्री

E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59

8586896357

# फोन या कार्ड की जरूरत नहीं, अब स्मार्टवॉच से होगा पेमेंट

- यूजर्स एक दिन में 1 रुपए से लेकर 25 हजार रुपए तक का पेमेंट कर सकेंगे

**नई दिल्ली।** पेमेंट करने के लिए आपको अब जेब से फोन निकालने या फिर पर्स निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी और केवल स्मार्टवॉच से बात बन जाएगी। भारतीय यूजर्स को पेमेंट का सबसे आसान विकल्प देने के लिए वियरेबल ब्रैंड नोइस ने एयरटेल पेमेंट बैंक और मास्टरकार्ड के साथ पार्टनरशिप की है। नई एयरटेल पेमेंटबैंक स्मार्टवॉच की मदद से यूजर्स कॉन्टैक्टलेस पेमेंट्स कर सकेंगे। एयरटेल पेमेंट बैंक स्मार्टवॉच के साथ यूजर्स को कलाई पर ही टैप-एंड-पे का विकल्प मिल गया है। इस वॉच में मिलने वाला एनएफसी चिप ग्लोबल पेमेंट कंपनी मास्टरकार्ड के नेटवर्क को सपोर्ट करता है। इस तरह आसानी से रीटेल पार्टनर्स, पीओएस टर्मिनल्स और बाकी टच पॉइंट्स पर भुगतान करना आसान होगा। यूजर्स एक दिन में 1 रुपये से लेकर 25,000 रुपए तक का पेमेंट इस वॉच के जरिए कर सकेंगे।

### 10 दिनों की बैटरी लाइफ

स्मार्टवॉच में 130 स्पोर्ट्स मोड्स का सपोर्ट दिया गया है। इसके अलावा एयरटेल पेमेंट बैंक वॉच आईपी68 डस्ट और वाटर रेसिस्टेंस ऑफर करती है। इसमें ब्लूटूथ कॉलिंग फंक्शनैलिटी का फायदा मिल जाता है और फुल चार्ज होने पर 10 दिनों तक की बैटरी लाइफ मिलने का दावा ब्रैंड की ओर से किया गया है। इसमें पेमेंट के लिए यूजर को अपना सेविंग अकाउंट एयरटेल थैंकस ऐप में जाकर लिंक करना होगा।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## जॉब

☞ भारतीय वनविभाग ने निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग में 5070 सीट पर सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वैसेस पर (10th, 12th पास) लड़का लड़कियां आवेदन करें, पद- फॉरेस्टगार्ड क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-(28670 से 35670), कॉल या व्हाट्सअप करे-9046968782

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **ई टैन्डर प्रणाली द्वारा खुली निविदा एकल पैकेट पद्धति** के अर्न्तगत आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| क्र0सं. | 1 |
| **कार्य का नाम व निष्पादन की अवधि** : सहारनपुर–अम्बाला खण्ड पर रूड़की यार्ड में कि0मी0 1556.839 पर क्षेत्र के भूजल स्तर में वृद्धि के कारण आर0यू0बी0 मार्गों में रिसाव को रोकने के लिए जल प्रूफिंग उपचार का प्रावधान। | |
| कार्य निष्पादन अवधि | 3 (तीन) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | 140.33 लाख |
| धरोहर राशि रूपयों में | 2,20,200.00 रूपये |

**निविदा अपलोड करने एवं खुलने की तिथि व समय** : निविदा IREPS साईट अर्थात www.ireps.gov.in पर **12.04.2024** को **11.30** बजे तक अपलोड की जा सकती है। बिडडर ई–टैन्डर में भाग ले सकते हैं। निविदा **12.04.2024** को **11.30** बजे खुलेंगी।

**बैवसाईट का पता व कार्यालय का पता जहां पर निविदा की विस्तृत डिटेल देखी जा सकती है।** विस्तृत ई–निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेबसाईट अर्थात www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। तथा निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आफर सबमिशन हेतु IREPS वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर **22.03.2024** से **12.04.2024** तक उपलब्ध होंगे। उपरोक्त निविदा के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना उक्त कार्यालय के सूचना पटट पर भी देखी जा सकती है।

टेन्डर नोटिस सं0 :– 115–डब्ल्यू/उप.मु.अभि./नि./अ.छा./2023–24, दिनांक 18.03.2024 884/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5459



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर–2
3.बड़ी सवारी गाड़ी–2
5.डोर–2
7.हरे रंग का–2
9.शक,संदेह–3
11.विस्फोटक –2
13.बड़ी नाली–2
15.नमस्कार,नमस्ते–3
17.प्राण–2
19.लक्ष्मी,कमला–2
22.बल,दम–3
24.ठाठ–बाट–2
26.पिता–2
28.कसर–2
30.कुमारी,तरुणी–3
32.जी,चित–2
34.नाखून–2
36.पढ़ने वाला–3
38.उद्देश्य–2
41.मोटा आटा–2
43.नामित–3
45.नर का विलोम–2
47.उर्वरक–2
49.भीगा हुआ–2
51.गिरवी वस्तु–3
53.मनमौजी–2
55.सम्मान–2
57.ले जाने वाला–3
60.आनंद,मजा–2
62.दोस्त,सखा–2
64.निर्माण–3
66.सदैव,हमेशा–2
67.नेत्र,नयन–2
68.आकाश,गगन–2
69.लाख,गोंद–2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी–2)
2.भगिनी,दीदी–3
4.सभी–2
6.गीत गायन–2
8.मार्ग,रास्ता–2
10.मां का दुलार–3
12.आनंद,रस–2
14.थूक,लेस–2
16.अनुकृति–3
18.सरुर,खुमार–2
20.मां,मदर–2
21.घ्राणेंद्रिय–2
23.चरण तल–3
25.भीगा हुआ–2
27.देह,काया–2
29.मछली–2
31.नृत्य करना–3
33.टौंटी,नलका–2
35.गधा,गर्दभ–2
37.कटि–3
39.माफी–2
40.दोस्त,मित्र–2
42.वायु,गैस–2
44.कॉफी–3
46.मूल्य–2
48.जोर,बल–2
50.लक्ष्मी–2
52.जलमार्ग–3
54.स्थिति–2
56.नवीन–2
58.कूड़ा–3
59.नौकर–2
61.सत्य–2
63.दौड़ना–2
65.गर्भनाड़ी–2

### शब्द पहेली- 5458 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ग |
| भा | गी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | रा | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | ड़ | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रू | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |

## सूडोकु नवताल - 5470

✱✱✱✱☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5469 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# बतौर कप्तान विराट के नाम सबसे ज्यादा रन, जीत में धोनी शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। इसके लिए सभी 10 टीमें तैयारी में जुट गई हैं। हालांकि, इस बार आईपीएल काफी दिलचस्प रहने वाला है। 2008 में पहला सीजन खेला गया था। तब खेलने वाले कप्तानों में अब सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी ही ऐसे हैं जो इस सीजन में भी कप्तानी करते दिखेंगे। पुराने कप्तानों में रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस ने कप्तानी की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया है, जबकि विराट कोहली ने 2021 आईपीएल के बाद ही कप्तानी छोड़ दी थी। हालांकि, बतौर कप्तान कुछ रिकॉर्ड्स के मामले में ये दोनों अब भी शीर्ष पर बरकरार हैं। बतौर कप्तान आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली शीर्ष पर हैं। उन्होंने आरसीबी के लिए 143 मैचों में कप्तानी की और 41.97 की औसत से 4994 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 133.3 का रहा। विराट ने बतौर कप्तान आईपीएल में पांच शतक और 37 अर्धशतक जड़े। वहीं, दूसरे नंबर पर धोनी हैं। उन्होंने 226 मैचों में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी की और 39.83 की औसत और 137.5 के स्ट्राइक रेट से 4660 रन बनाए। इनमें 22 अर्धशतक शामिल हैं।




## रिंकू ने अभ्यास में जड़ा मॉन्स्टर छक्का

लगभग एक दशक के बाद आईपीएल सर्कस में वापसी करने वाले ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने प्रैक्टिस मैच में नई गेंद से गेंदबाजी की। ईडन गार्डंस में कोलकाता नाइटराइडर्स के दूसरे वॉर्म-अप मैच के दौरान डेथ ओवर में उनका पाला रिंकू सिंह से पड़ा। बड़े धमाकों के लिए मशहूर भारतीय छोटे कद के बल्लेबाज ने एक ऐसा छक्का मारा कि स्टार्क देखते रह गए। आखिरी बार 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए आईपीएल खेलने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आईपीएल 2018 से पहले केकेआर ने खरीदा था, लेकिन चोट के कारण वह उस सीजन से बाहर हो गए थे। शाहरुख खान की सहमालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी ने इस साल नीलामी रिकॉर्ड तोड़ते हुए उन्हें 24.75 करोड़ रुपए की कीमत पर खरीदा।

## टीम में लौटे अय्यर

टूर्नामेंट में पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। हालांकि, इससे पहले सभी टीमों की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। ऐसी ही कुछ तैयारी चल रही है कोलकाता नाइट राइडर्स की। दो बार की आईपीएल की चैंपियन अपने पुराने के कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ 17वें सीजन में मैदान पर उतरेगी। अय्यर पिछले सीजन चोट के कारण केकेआर के लिए नहीं खेल पाए थे, लेकिन इस बार वह नई धार और रफ्तार के साथ धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का फाइनल खेलने के बाद अय्यर जैसे ही कोलकाता पहुंचे फैंस ने उनका दिल खोलकर स्वागत किया।

### बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन

| कप्तान | पारी | रन | फिफ्टी | सेंचुरी |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | 142 | 4994 | 37 | 5 |
| एमएस धोनी | 196 | 4660 | 22 | 0 |
| रोहित शर्मा | 158 | 3986 | 25 | 0 |
| गौतम गंभीर | 127 | 3518 | 31 | 0 |
| डेविड वॉर्नर | 82 | 3270 | 31 | 1 |
| केएल राहुल | 51 | 2186 | 17 | 3 |
| एडम गिलक्रिस्ट | 74 | 1900 | 11 | 1 |
| सचिन तेंदुलकर | 51 | 1723 | 10 | 1 |
| श्रेयस अय्यर | 55 | 1643 | 11 | 0 |
| वीरेंद्र सहवाग | 53 | 1524 | 11 | 1 |

### जीत-हार का रिकॉर्ड

| खिलाड़ी | मैच | जीत | हार | टाई | बेनतीजा |
|---|---|---|---|---|---|
| एमएस धोनी | 226 | 133 | 91 | 0 | 2 |
| रोहित शर्मा | 158 | 87 | 67 | 4 | 0 |
| विराट कोहली | 143 | 66 | 70 | 3 | 4 |
| गौतम गंभीर | 129 | 71 | 57 | 1 | 0 |
| डेविड वॉर्नर | 83 | 40 | 41 | 2 | 0 |
| एडम गिलक्रिस्ट | 74 | 35 | 39 | 0 | 0 |
| श्रेयस अय्यर | 55 | 27 | 26 | 2 | 0 |
| शेन वॉर्न | 55 | 30 | 24 | 1 | 0 |
| वीरेंद्र सहवाग | 53 | 28 | 24 | 1 | 0 |
| केएल राहुल | 51 | 25 | 24 | 2 | 0 |



# आईपीएल की पांच सबसे बड़ी जीत

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए सभी 10 फ्रेंचाइजियां पूरी तरह से तैयार हैं। 22 मार्च से आईपीएल का नया नवेला सीजन शुरू होने वाला है। 17वें सीजन के शुरू होने से पहले जानते हैं आईपीएल इतिहास के रनों के लिहाज से 5 सबसे बड़ी जीतों के बारे में।

## मुंबई ने दिल्ली को 146 रन से दी मात

2017 के आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 146 रन के मार्जिन से हराया था। यह आईपीएल इतिहास में रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत है। एमआई ने पहले बल्लेबाजी कर 3 विकेट पर 212 रन बनाए थे। हालांकि 213 रन के टारगेट का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स 66 रन पर ही ऑल आउट हो गई थी।

## बेंगलुरु ने गुजरात को 144 रन से हराया

2016 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात लायंस के बीच खेले गए मैच में आरसीबी ने गुजरात को 144 रन से धूल चटाई थी। इस मैच में विराट कोहली (109) और एबी डिविलियर्स (129*) दोनों ने शतक ठोके थे। बेंगलुरु ने गुजरात को 249 रन का टारगेट दिया था।, जिसका पीछे करते हुए लायंस 104 रन पर ही ढेर हो गए थे।

## केकेआर ने आरसीबी को 140 रन से रौंदा

आईपीएल के इतिहास का पहला मैच कोलकाता नाइटराइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया था। पहले ही मैच में केकेआर के लिए खेलते हुए ब्रेंडन मैकुलम ने 158 रन की तूफानी पारी खेली थी। कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 222 रन बनाए थे। इसके जवाब में बेंगलुरु महज 15.1 ओवर में 82 रन बनाकर हार गई। ऐसे में नाइटराइडर्स 140 रन से मैच जीत गया था।




## बेंगलुरु ने पंजाब को 138 रन से हराया

2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 138 रन से हराया था। यह आईपीएल में रनों के लिहाज से चौथी सबसे बड़ी जीत है। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 226 रन बोर्ड पर लगाए। 227 रन के टारगेट का पीछा करते हुए पंजाब 88 रन पर ही ऑल आउट हो गई।

## बेंगलुरु की पुणे पर 130 रन से जीत

2013 के आईपीएल सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पुणे वॉरियर्स इंडिया को 130 रन के मार्जिन से हराया था। यह वही मैच है जिसमें क्रिस गेल ने ऐतिहासिक 175* रन की पारी खेली थी। आरसीबी ने इस मुकाबले में 5 विकेट पर 263 रन बनाए थे और पुणे को 264 रन का लक्ष्य दिया

# सिंधु, श्रीकांत, लक्ष्य त्रिसा स्विस ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶ बासेल

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु, पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत और अच्छी फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते ही बुधवार को यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। यहां 2022 में खिताब जीतने वाली सिंधु ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग को 21-12, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में जापान की तोमोका मियाज़ाकी से मुकाबला सुनिश्चित किया। इससे पहले मंगलवार को भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी अमेरिका के एनी शू और कैरी शू को सीधे गेम में हराकर




महिला युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी वांग जु वेइ को 43 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17 21-18 से हराया। श्रीकांत की अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सात मुकाबलों में यह छठी जीत है। उनका अगला मुकाबला मलेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त ली जी जिया से होगा। पिछले दो टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमी फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ को 62 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19 15-21 21-11 से पराजित किया। वह अगले मैच में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली से भिड़ेंगे।

# सूर्यकुमार की आईसीसी टी20 रैंकिंग में बादशाहत कायम

एजेंसी ▶▶ दुबई

पिछले तीन महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे हैं। आईपीएल के आगामी सत्र में मुंबई इंडियंस के लिए वापसी करने जा रहे सूर्यकुमार के 861 अंक हैं जबकि दूसरे स्थान पर 802 अंक लेकर फिल साल्ट हैं।

सूर्यकुमार ने दिसंबर में खेल हर्निया की सर्जरी के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है। वहीं आयरलैंड के खिलाफ 2-1 से मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले राशिद खान ने शीर्ष दस में वापसी की है। वह चार पायदान की छलांग लगाकर नौवें से चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला में तीन मैचों में आठ विकेट लिए। अफगानिस्तान के नवीन उल हक दो पायदान चढ़कर 55वें स्थान पर हैं। आयरलैंड के जोश लिटिल सात पायदान चढ़कर 39वें, मार्क एडेयर दो पायदान चढ़कर 56वें और बैरी मैकार्थी 15 पायदान चढ़कर 77वें स्थान पर हैं।




# डोपिंग बैन से वापसी मैच में हारी हालेप, वीनस भी बाहर




एजेंसी ▶▶ मियामी गार्डन्स

दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप अपील के बाद डोपिंग प्रतिबंध वापिस लिए जाने के साथ टेनिस कोर्ट पर लौटी लेकिन मियामी ओपन के पहले दौर में पाउला बाडोसा से 6-1, 4-6, 3-6 से हार गई। रोमानिया की 32 वर्ष की हालेप 2017 में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। वह 2022 अमेरिकी ओपन में प्रतिबंधित दवा रोक्साडस्टेट के सेवन की दोषी पायी जाने के बाद से टूर पर नहीं खेली है।

अमेरिकी ओपन के पहले दौर में उन्हें यूक्रेन की डारिया स्निगुर ने हराया था। उन पर 2023 में चार साल का प्रतिबंध लगाया गया था जिसे दो सप्ताह पहले खेल पंचाट ने घटाकर नौ महीने का कर दिया। दो दिन बाद मियामी ओपन में हालेप को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला। बाडोसा का सामना अब दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका से होगा।


महिला वर्ग के अन्य मुकाबलों में सात बार की ग्रैंडस्लैम विजेता वीनस विलियम्स को डायना स्नाइडेर ने 6-3, 6-3 से हराया जबकि आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कैरोलिन वोज्नियाकी ने क्लारा बुरेल को 6-1, 6-4 से मात दी।

# उद्घाटन समारोह से दूर रहेंगे रूस और बेलारूस के खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ जिनेवा

रूस और बेलारूस के खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक परेड में भाग नहीं ले सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई को है जिसमें हजारों खिलाड़ी सीन नदी से एफील टावर की तरफ नावों से आएंगे जबकि आम तौर पर परेड स्टेडियम में होती है। आईओसी ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी नदी के किनारे समारोह देख सकेंगे। उन्हें तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर ओलंपिक में खेलने की अनुमति मिली है।

इससे पहले अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति ने 28 अगस्त को पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह में रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध की घोषणा की थी। यूक्रेन में जारी जंग के कारण दोनों देशों को ओलंपिक में टीम स्पर्धाओं में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। वहीं व्यक्तिगत वर्ग में खिलाड़ी तटस्थ तौर पर खेलेंगे बशर्ते उन्होंने यूक्रेन में जारी युद्ध का समर्थन नहीं किया हो या सेना या सुरक्षाबलों से जुड़े नहीं हों। रूसी पासपोर्ट धारक 36 और बेलारूस के 22 खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।




# मैच से पहले धोनी का दिखा रौद्र रूप, लगाया हेलीकॉप्टर शॉट

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स टीम के खिलाड़ी आईपीएल 2024 का सीजन शुरू होने से पहले जमकर प्रैक्टिस करते हुए नजर आ रहे हैं। इसमें सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का भी नाम शामिल है जिनका एमए चिदंबरम स्टेडियम में वही अभ्यास के दौरान वही पुराना रूप देखने को मिल रहा है। धोनी प्रैक्टिस में अपनी टीम के गेंदबाजों के खिलाफ बड़े शॉट खेलते हुए नजर आए। धोनी नेट्स पर जिस तरह से इस मुकाबले के पहले अभ्यास करते हुए दिखाई दिए हैं उसके बाद बाकी सभी टीमों के लिए ये किसी चेतावनी से कम नहीं माना जा रहा है।

महेंद्र सिंह धोनी की गिनती जहां वर्ल्ड क्रिकेट के सबसे बेस्ट फिनिशर खिलाड़ियों में की जाती है तो वहीं वह अपने हेलीकॉप्टर शॉट के लिए भी काफी पहचाने जाते हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद से धोनी आईपीएल में ही खेलते हुए दिखाई दिए हैं।



## अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबला आज

# विश्व कप क्वालीफायर में भारत की नजरें तीन अंकों पर

एजेंसी ▶▶ आभा

जैकसन सिंह और अनवर अली की वापसी से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को फीफा विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना करेगी तो उसकी नजरें तीसरे दौर में जगह बनाने पर लगी होंगी। मिडफील्ड में जैकसन और सेंटर बैक में अनवर चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। दूसरे दौर के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी पर भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। दो मैचों में एक जीत के तीन अंक के साथ भारत ग्रुप ए में फिलहाल दूसरे स्थान पर है। मौजूदा एशियाई चैंपियन कतर दो जीत के साथ छह अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं दोनों मैच हार चुकी अफगानिस्तान टीम आखिरी स्थान पर है। कुवैत के खिलाफ जीत दर्ज करके इगोर स्टिमक की भारतीय टीम ने पहली बार तीसरे दौर में जाने की उम्मीदें जगाई है। विश्व रैंकिंग में 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान को हराने से 117वीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम के नौ अंक हो जाएंगे। कतर की टीम कुवैत को अगले दो मैच में हरा देगी तो भारत के पास दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका होगा। भारत ने कुवैत को कुवैत सिटी में 1-0 से हराया था जबकि भुवनेश्वर में कुवैत ने 3-0 से जीत दर्ज की थी। भारत और अफगानिस्तान के बीच 1949 में पहले मुकाबले के बाद से दोनों टीमें समय समय पर खेलती रही हैं। विश्व कप क्वालीफायर, एशियाई कप क्वालीफायर और अन्य उपमहाद्वीपीय तथा आमंत्रण टूर्नामेंटों में उनका सामना हुआ है।



## छेत्री ने दागे हैं चार गोल

*भारतीय आक्रमण की अगुवाई 39 वर्ष के सुनील छेत्री और मनवीर सिंह करेंगे। छेत्री ने अफगानिस्तान के खिलाफ आठ मैचों में चार गोल किए हैं। वहीं पिछले दो साल में जैकसन ने लगातार 17 मैच खेले हैं। उनकी कमी टीम को कतर में एशियाई कप के दौरान खली थी। वहीं अफगानिस्तान के कई प्रमुख खिलाड़ी अफगानिस्तान फुटबॉल महासंघ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद से टूर्नामेंट से बाहर हैं। अफगानिस्तान के 18 खिलाड़ियों ने कुवैत और कतर के खिलाफ क्वालीफायर नहीं खेले थे।*

# कोहली से मुलाकात, मेरे जीवन का सबसे अनमोल क्षण : श्रेयांका

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला प्रीमियर लीग में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली 'पर्पल कैप' विजेता श्रेयांका पाटिल के लिये सबसे बड़ा पल रहा जब उन्हें विराट कोहली से मिलने का मौका मिला।

इक्कीस वर्ष की आफ स्पिनर श्रेयांका ने एलिमिनेटर और फाइनल में डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि बचपन से उनके पसंदीदा क्रिकेटर रहे कोहली उनका नाम जानते हैं। पाटिल ने आरसीबी 'अनबॉक्स' कार्यक्रम में कोहली के साथ अपनी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'उनकी वजह से क्रिकेट देखना शुरू किया था। उनके जैसा बनने का सपना देखा करती थी। कल मेरे जीवन का सबसे अनमोल पल था। विराट ने कहा, 'हाय श्रेयांका। अच्छी गेंदबाजी की।' उन्हें मेरा नाम पता था।'



## खबर संक्षेप



### भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। 'राइजिंग भारत' सम्मेलन में ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिए आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिए तैयार होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, 'भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है।'

### अफगानिस्तान ने की सीए की निंदा

**काबुल।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला स्थगित होने के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया से उनकी सरकार के दबाव के आगे घुटने नहीं टेकने का आग्रह किया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अफगानिस्तान के खिलाफ इस साल अगस्त में होने वाली घरेलू टी20 श्रृंखला स्थगित कर दी। उसने अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के बदतर हालात का हवाला देकर यह फैसला लिया। तल्ख लहजे में लिखे गए पत्र में सीए के इस कदम की निंदा करते हुए एसीबी ने कहा, 'अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड एक और द्विपक्षीय श्रृंखला स्थगित करने के क्रिकेट आस्ट्रेलिया के फैसले से निराश है। हम क्रिकेट को राजनीतिक प्रभाव से दूर रखने की पैरवी करते हैं।'




### राहुल अच्छा खेलता है तो टी20 टीम में मिलेगी जगह

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर केएल राहुल टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला पाते हैं तो टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में उनकी जगह तय होनी चाहिए। जांघ की मांसपेशियों की चोट से उबरकर वापसी कर रहे राहुल शायद आईपीएल में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उनका भारत की टी20 टीम में चयन तय नहीं है लिहाजा उन्हें आईपीएल में बल्लेबाजी में और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यह पूछने पर कि कप्तानी की निजी आकांक्षाओं और टीम के हितों में संतुलन कैसे बनाएंगे, लैंगर ने कहा कि यह मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा, 'अगर टीम अच्छा करती है तो हर किसी को ईनाम मिलता है। केएल अगर लखनऊ टीम को आईपीएल खिताब दिलाते हैं तो इसका मतलब होगा कि उन्होंने अच्छी कप्तानी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी विकेटकीपिंग की है।'



### मध्य प्रदेश, हरियाणा व झारखंड महिला हॉकी चैंपियनशिप के सेफा में


**पुणे।** मध्य प्रदेश, हरियाणा और झारखंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां अपने-अपने मैच जीतकर 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मध्य प्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में बंगाल को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। हरियाणा की टीम को हालांकि ओडीशा को हराने में किसी तरह की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उसने भारतीय हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका के दो गोल की मदद से 4-1 से जीत दर्ज की। नेहा गोयल और नवनीत कौर ने भी हरियाणा की तरफ से गोल किए। ओडीशा की तरफ से एकमात्र गोल नेहा लाकड़ा ने किया। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में झारखंड ने मिजोरम को 2-1 से पराजित किया। झारखंड की तरफ से दीपिका और संगीता ने जबकि मिजोरम के लिए लालरिम्सियामी ने गोल किया।

## चिंतन

# स्टार्टअप क्षेत्र की बाधाओं को दूर करना आवश्यक

भारत को अगर विकसित राष्ट्र बनना है, आर्थिक समृद्धि हासिल करनी है, गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करना है, तंगहाल से खुशहाल देश बनना है, तो केंद्र सरकार उद्यमशीलता को बढ़ावा देना होगा। बड़े, मझौले व छोटे उद्योंगों के माफिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना होगा। पूंजी से लेकर नियम-कायदे तक औद्योगिक विकास के अनुकूल बनाना होगा। यूं तो सरकार कॉरपोरेट उद्यम को बढ़ावा दे रही है और एमएसएमई के लिए भी बहुत कुछ कर रही है, लेकिन भारत में स्टार्टअप भारतीय उद्यमशीलता को तेजी से बढ़ा रहा है। जब से केंद्र की राजग सरकार ने स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम लागू किया है, देश में स्टार्टअप्स की तेजी से प्रगति हुई है। स्टार्टअप इंडिया केंद्र सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप्स और नए विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जिससे देश का आर्थिक विकास हो एवं बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हों। इस वक्त देश में 1.14 लाख से ज़्यादा रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स हैं, इनमें 25,000 से 27,000 सक्रिय टेक स्टार्टअप्स हैं। इसने 12 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा की हैं। 2023 में, निवेश फ़र्मों ने भारतीय स्टार्टअप्स में 8.4 अरब डॉलर का निवेश किया था। देश के स्टार्टअप्स न केवल आर्थिक और व्यावसायिक रूपांतरण को आगे ले जाने की उम्मीद जगाते हैं, बल्कि भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के स्वप्न को साकार करने में एक प्रमुख चालक की भूमिका भी निभाते हैं। आज भारत स्टार्टअप्स के चमकदार 'हॉटस्पॉट' के रूप में उभर रहा है। अमेरिका और चीन के बाद भारत विश्व में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के तीसरे सबसे बड़े आधार वाला देश है। हालांकि चमचमाती स्टार्टअप्स की कहानी थोड़ी मलिन भी हुई है और पिछले दो-तीन वर्षों में नए स्टार्टअप्स बनने की रफ़्तार में गिरावट भी आई है। अभी भारत महामंडपम में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा उद्यमियों और स्टार्टअप से दुनियाभर में आ रही चुनौतियों पर 'वैश्विक अनुप्रयोगों के लिए भारतीय समाधान' पर काम करने का आह्वान किया है। भारत ने कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर तीन मिशन शुरू किए हैं। अस्सी के दशक में सरकारी आलस्य के चलते भारत डॉटकॉम क्रांति में अहम भागीदार नहीं बन सकता, इसलिए आज वह केवल उपभोक्ता है, इसलिए नई डिजिटेक क्रांति में वह मौका चूकना नहीं चाहता है। खास बात है कि नरेंद्र मोदी भविष्य की तकनीक को देख पा रहे हैं और इसलिए इस क्षेत्र में नए निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। एआई में अमेरिका, जापान जैसे देश आगे हैं, सेमीकंडक्टर में दक्षिण कोरिया, ताइवान व चीन आगे हैं, क्वांटम तकनीक में अमेरिका, यूरोप व चीन आगे हैं, भारत इन तीनों क्षेत्र में अपनी पैठ मजबूत करना चाहता है। तीनों मिशन इसमें मदद करेंगे। स्टार्टअप के महत्व को मान्यता, अटल नवाचार मिशन, प्रौद्योगिकी व टेक प्रोफेशनल्स क्षमता की उपलब्धता, जोखिम लेने का जुनून, सरकाकी ओर से नीतिगत पहल व कॉरपोरेट सहयोग आदि भारतीय स्टार्टअप के तेज़ उभार के कारण हैं। हालांकि इनकी राह में अनेक चुनौतियों भी हैं। वित्त पोषण, डेटा लोकलाइजेशन, थर्ड पार्टी सर्वर, कई भारतीय यूनिकॉर्न के विदेशी अधिवास, डीपटेक व हेल्थकेयर सेक्टर में स्टार्ट कैपिटल का अभाव, स्किल्ड व ट्रेंड प्रोफेशनल्स की कमी, डेटा संरक्षण, भौतिक और डिजिटल कनेक्टिविटी आदि ऐसी चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाने के उपायों पर काम करने की जरूरत है।

## सारा संसार



साँची भारत के मध्य प्रदेश राज्य के रायसेन ज़िले में साँची नगर के पास एक पहाड़ी पर स्थित है। स्तूप की नींव महान मौर्य सम्राट अशोक ने तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में रखी थी। उन्होंने स्वयं महान बुद्ध के नश्वर अवशेषों के पुनर्वितरण के उद्देश्य से स्तूप की स्थापना का आदेश दिया था।

## व्यंग्य

सुधाकर आशावादी



# ईवीएम और रुदाली विलाप

वहम की दवा हकीम लुकमान भी नही बना सके। यदि वहम की दवा बन गई होती, तो दिमाग का भी सही से उपचार हो गया होता। दिमाग मे ऊल जुलूल विचार नहीं आते। जरूरत से ज्यादा खुद को पढ़ा लिखा समझने वाले लोग अनपढ़ों जैसी बात नहीं करते। उनकी बातों में तर्क होता। तमसो मा ज्योतिर्गमय के अनुरूप अज्ञानता के अंधेरे को दूर करके जीवन पथ पर ज्ञान का प्रकाश फैलाती है। यह बात पढ़े लिखे के लिए लागू होती है। उस पढ़े लिखे के लिए जो सच में पढ़ने के लिए विद्यालय गया हो। अपनी योग्यता के बल पर जिसने प्रवेश प्राप्त किया हो। बहरहाल मसला गंभीर है। सवाल जब जन प्रतिनिधि चुनने का हो, तो उसके तरीक़े पर भी विचार विमर्श करना पड़ता है। यह सोचना पड़ता है कि ऐसी कौन सी प्रणाली अपनाई जाए, जो निष्पक्ष और न्यायकारी हो, जिसमें मानवीय भूल की संभावना भी न रहे। ऐसी प्रणाली को निर्धारित करने के लिए मैराथन बैठकें होती हैं, अनेक किन्तु-परंतु के उपरांत किसी गंभीर निष्कर्ष तक पहुंचा जाता है, अनेक कसौटियों पर निष्कर्ष को परखा जाता है, तब कहीं जाकर जन प्रतिनिधि चुनने के तरीक़े पर मुहर लगती है। ईवीएम को पारदर्शी चुनाव व्यवस्था के लिए दशकों से प्रयोग में लाया जा रहा है। शुरू-शुरू में ईवीएम विश्वसनीयता के मापदंडों पर खूब खरी उतरी। मशीन का बटन दबाओ और अपने मनमाफिक प्रत्याशी को जिताने में अपनी लोकतांत्रिक भूमिका निभाओ। ईवीएम ने अपना कर्तव्य बखूबी निभाया भी। न जाने कितनी निगरानी में रहकर उसने अपने आपको न्यायकारी, निष्पक्ष बनाए रखा। मास्टर ट्रेनर ईवीएम की बारीकियां समझाते रहे। उसके निष्पक्ष प्रयोग की दुहाई देते रहे। तीन-तीन बार ट्रेनिंग लेते रहे, कि कैसे इसका संचालन करना है। सभी प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में ईवीएम का चुनाव पूर्व परीक्षण करना है। सभी अभिकर्ताओं से उनके प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डलवाने हैं, उसके बाद उन्हें परिणाम भी दिखाना है। अभिकर्ताओं के संतुष्ट होने के ईवीएम को क्लियर करना है तथा नए सिरे से ईवीएम को सील करके मतदान प्रारंभ कराया जाता है। रातों की नींद और दिन का चैन भूलकर सरकारी मशीनरी निष्पक्ष चुनाव के प्रति प्रतिबद्ध रहती है, फिर भी यदि किसी व्यक्ति या दल को मतदाता ने स्वीकार नहीं किया, तब वह अपनी हार का ठीकरा ईवीएम के सिर पर फोड़ने से पीछे नहीं रहता। कोई भले मानुष से पूछे कि जनता यदि तुझे नकारेगी तो ईवीएम इसमें क्या करेगी? जहां जनता स्वीकारती है वहां ईवीएम को वफादार और जहाँ जनता नकारती है वहां ईवीएम को बेवफा बताने में देर नहीं लगाते, क्या ईवीएम मतदाता से बूथ कैप्चरिंग कराकर नकारा लोगों को जिताये और अपनी वफादारी का सबूत किसी को दे। ताज्जुब होता है, कि जब खुद को पढ़ा लिखा घोषित करने वाले लोग ईवीएम पर उंगली उठाते हैं और प्रशासनिक राजपत्रित अधिकारियों एवं चुनाव ड्यूटी के नाम पर घर परिवार को छोड़कर पूर्ण निष्ठा से ड्यूटी निभाने वाले सरकारी कर्मचारियों की राष्ट्र निष्ठा पर भी उुगली उठाने से परहेज नहीं करते। विडंबना यह भी है कि पहले हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़कर हारे हुए प्रत्याशी अपनी खीज मिटाते थे। अब चुनाव से पहले ही ईवीएम पर सवाल उठाकर अपनी संभावित हार को स्वीकार करके ईवीएम पर उंगली उठाने में ही भलाई समझने लगे हैं। ऐसे में आमजन उनकी मनोदशा को बखूबी समझता है, किन्तु यह समझने में असमर्थ रहता है कि बार बार आरोप प्रत्यारोप के बीच अग्नि परीक्षा देने वाली ईवीएम खराब है या उस पर उंगली उठाने वालों का दिमाग?

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)



## पड़ोस

डॉ. एन.के. सोमानी

# आसान नहीं शाहबाज की राह

**जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों के नारों और हंगामों के बीच शाहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का प्रधानमंत्री चुना गया। तीन बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे शाहबाज दूसरी बार पाकिस्तान की बागडोर संभाल रहे हैं। हालांकि, सत्ता की मजबूरी के चलते परस्पर विरोधी विचारधारा वाले संयुक्त गठबंधन ने एक बारगी तो सरकार बनाकर शाहबाज को पाकिस्तान की कमान सौंप दी है, लेकिन शाहबाज शरीफ की राह उतनी आसान नहीं है। घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर कई चुनौतियां उनके सामने है। इन सब चुनौतियों के बीच वे भारत के प्रति क्या रुख अपनाएंगे यह भी देखने वाली बात है।**

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में पद संभाल लिया है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों के नारों और हंगामों के बीच शाहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का प्रधानमंत्री चुना गया। तीन बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे शाहबाज दूसरी बार पाकिस्तान की बागडोर संभाल रहे हैं। 336 सदस्यों वाले सदन में शरीफ को 201 मत मिले, जबकि सुन्नी इतेहाद काउंसिल ( जिसे इमरान की पीटीआई का समर्थन हासिल था ) के प्रत्याशी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। अपने विजयी भाषण में शाहबाज ने देश के सामने मौजूदा चुनौतियों का जिक्र करते हुए एक बार फिर कश्मीर का राग छेड़ा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में कश्मीरियों का खून बहाया जा रहा है, और पूरी घाटी खून से सुर्ख हो गई हैं ।

पिछले महीने हुए विवादित आम चुनाव के बाद इमरान खान का समर्थन वाले 93 उम्मीदवारों को जीत मिली। दूसरे नंबर पर नवाज शरीफ की पीएमएल-एन रही जिसने 75 सीटें हासिल की। बिलावल भुट्टो की पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। 17 सीटें एमक्यूएम को मिली । किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। परिणाम यह हुआ कि पाकिस्तान में एक बार गठबंधन की राजनीति का दौर शुरू हो गया। शाहबाज के बड़े भाई और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को गठबंधन सरकार के गठन का काम सौंपा गया। इमरान खान की पीटीआई को सत्ता से बाहर रखने के लिए पीएमएल-एन और पीपीपी ने 4 छोटे दलों के साथ गठजोड़ कर शाहबाज शरीफ को दूसरी बात प्रधानमंत्री बना दिया। पीपीपी के अलावा शाहबाज को मुताहिदा कौमी मूवमेंट, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-क्यू, बलूचिस्तान अवामी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-जेड, इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त था।

हालांकि, सत्ता की मजबूरी के चलते परस्पर विरोधी विचारधारा वाले संयुक्त गठबंधन ने एक बारगी तो सरकार बनाकर शाहबाज को पाकिस्तान की कमान सौंप दी है, लेकिन शाहबाज शरीफ की राह उतनी आसान नहीं है। घरेलू और वैश्विक मोर्चे पर कई चुनौतियां उनके सामने है। प्रथम, पिछले एक डेढ़ दशक में पाकिस्तान आर्थिक मोर्चे पर बुरी तरह से पिछड़ रहा है। उसकी अर्थव्यवस्था तेजी से गिर रही है। महंगाई आसमान छू रही है। मुद्रास्फीति 30 प्रतिशत की रिकॉर्ड दर से बढ़ रही है। आर्थिक विकास पर विराम लगा हुआ है। राजकोषीय और चालू खाते के दोहरे घाटे का संकट पाकिस्तान पर मंडरा रहा है। पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से बचाने के लिए आईएमएफ के 24,900 करोड़ के राहत पैकेज की समय सीमा इस माह के अंत में खत्म होने वाली है। द्वितीय, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के अलावा गठबंधन के साथ तालमेल बैठाना दूसरी बड़ी चुनौती है। हालांकि सत्ता की मजबूरी भुट्टो और शरीफ को एक साथ तो ले आई है, लेकिन जिस तरह से भुट्टो और शरीफ परिवारों के बीच



राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की स्थिति रही है, उस देखते हुए गठबंधन की उम्र क्या होगी यह कहा नहीं जा सकता है। पिछली बार भी दोनों के बीच अनुभव कोई बहुत ज्यादा अच्छे नहीं रहे। दूसरी ओर अनेक कानूनी बाधाओं के बावजूद इमरान खान अब भी लोकप्रिय है और अधिकाशतः उनकी पार्टी से जुड़े 'निर्दलियों' का वर्चस्व बना हुआ है। ऐसे में संसद के भीतर भी जब सरकार विरोधी स्वर उठते दिखाई देंगे। तृतीय, चूंकि शाहबाज फौज की मदद से सत्ता में आए हैं। फौज ने भी चुनाव में इमरान को हराने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया। उन्हें चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार दिया। यहां तक की उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न भी छीन लिया गया था। ऐसे में शाहबाज शरीफ को पूरी तरह से सेना पर निर्भर रहना पड़ेगा। हालांकि, अभी सेना का जो रुख है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले एक-डेढ़ साल तक सेना शाहबाज को डिस्टर्ब नहीं करेगी। सेना भी चाहती है कि पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित हो जिससे देश में निवेश बढे और अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट सके। चौथी चुनौती सरकार की वैधता को लेकर है। विपक्ष सरकार पर चुनाव में जबरदस्त धांधली किए जाने का आरोप लग रहा है। मामला न्यायालय में है। इन आरोपों के कारण अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से आग्रह किया है कि अदालत का फैसला आने तक पाकिस्तान सरकार को मान्यता प्रदान न करे। बाइडेन के लिए इन सांसदों की मांग इसलिए मायने रखती है, क्योंकि अमेरिका में इसी साल प्रेसिडेंशियल इलेक्शन होने हैं, और बाइडेन के लिए इन सांसदों का समर्थन हासिल करना जरूरी है। पांचवीं और सबसे अहम चुनौती है भारत के साथ संबंधों का सुधारना। अगस्त 2019 में जब भारत ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 को हटाया था उसके बाद से भारत व पाकिस्तान के संबंध पूरी तरह से पटरी से उतरे हुए हैं। यहां तक कि दोनों देशों ने अपने-अपने उच्चायुक्तों को भी वापस बुला लिया था, लेकिन अब पिछले कुछ माह से पाकिस्तान ने भारत के साथ ठंडे पड़े कूटनीतिक रिश्तों में जान फूंकने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। संबंध बेहतर करने की दिशा में पहल करते हुए पाकिस्तान ने साद अहमद वाराअच को नई दिल्ली के पाकिस्तान हाई कमीशन में नया चार्ज डी अफेयर्स (सीडीए) बनाकर भेजा है। अब उच्चायुक्त शुरू होने के बाद पाकिस्तान ने इसी साल यहां राष्ट्रीय दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली स्थित दूतावास परिसर में होने वाले इस आयोजन में कई विदेशी राजनयिक और भारतीय शामिल होते हैं। पाकिस्तान हर साल 23 मार्च को अपना राष्ट्रीय दिवस मनता है। पिछले चार साल से दोनों देशों के संबंध ठंडे बस्ते में होने के कारण इसका आयोजन नहीं हो सका था।

कुल मिलाकर कहा जाए तो पाकिस्तान द्वारा पहले सीडीए भेजना और अब नई दिल्ली में अपना राष्ट्रीय दिवस मनाना दो ऐसे कदम हैं, जिन्हें पाकिस्तान द्वारा भारत के साथ राजनयिक संबंध सुधारने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इतना ही नहीं नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शाहबाज ने विदेश नीति का विजन रखते हुए समानता के सिद्धांत के आधार पर पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने की बात भी कही है, लेकिन सवाल यह है कि जिस तरह शाहबाज शरीफ और बिलावल भूट्टो इमरान खान को सत्ता से दूर रखने के लिए सेना की गोद में बैठे हैं और प्रधानमंत्री चुने जाने के तुरंत शाहबाज शरीफ ने कश्मीर मसले का राग अलपाते हुए वैश्विक समुदाय से कश्मीर पर चुप्पी तोड़ने का आह्वान करते नेशनल एसेंबली में कश्मीरियों और फिलिस्तीनियों की आजादी के लिए प्रस्ताव पारित करने की बात कही है, उसे देखते हुए लगता है कि पाकिस्तान की विदेश नीति फिर से भारत विरोध के एक सूत्री सिद्धांत पर ही आगे बढ़ती हुई दिखाई देगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित

## दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

# कभी भी अपने बल पर घमंड न करें



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था।

ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती।

ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आइए, गौरैया को बचाएं

घर-आंगन को अपनी चह-चह से गुंजायमान कर देने वाली एवं उदास, निराश, हताश तथा दुःख से भरे वातावरण में भी अपनी चहक से रौनक भर देने वाली गौरैया एक सुंदर, सुकोमल, सर्व-मनभावन, फुर्तीली एवं मनुष्यों के आस-पास रहने वाली चिड़िया है। चंचल चितवन वाली चिड़िया गौरैया का फुदकना और चहकना मन को बड़ा लुभाता है। अपनी चीं-चीं (ट्वीट्स) के द्वारा घर-आंगन को मधुर गान-गुंजन से भर देने वाली गौरैया वैसे तो सभी को प्रिय लगती है।

- संदीप शुक्ला, धमतरी

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान के स्कूलों में बिना छात्राओं के शिक्षा सत्र



अफगानिस्तान के विद्यालयों में बुधवार को लड़कियों के बिना नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ क्योंकि तालिबान ने छठी कक्षा से आगे की कक्षाओं में लड़कियों की पढ़ाई पर रोक लगा दी है। महिला शिक्षा पर रोक लगाने वाला अफगानिस्तान दुनिया का इकलौता देश है। संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी के मुताबिक प्रतिबंध से 10 लाख से अधिक लड़कियां प्रभावित हुई हैं। एजेंसी का यह भी अनुमान है कि सुविधाओं की कमी और अन्य कारणों से तालिबान के कब्जे से पहले ही 50 लाख लड़कियां विद्यालय छोड़ चुकी थीं। तालिबान के शिक्षा मंत्रालय ने नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत एक समारोह के साथ की जिसमें महिला पत्रकारों को शामिल होने की अनुमति नहीं थी। संवाददाताओं को भेजे गए निमंत्रण में कहा गया है: 'बहनों के लिए उपयुक्त जगह की कमी के कारण, हम महिला पत्रकारों से माफी मांगते हैं।' तालिबान के शिक्षा मंत्री हबीबुल्लाह आगा ने समारोह के दौरान कहा कि मंत्रालय 'धार्मिक और आधुनिक विज्ञान की शिक्षा की गुणवत्ता को यथासंभव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।' तालिबान मदरसों या धार्मिक स्कूलों पर जोर दे रहा है और बुनियादी साक्षरता व गणित के बजाय इस्लामी शिक्षा को तवज्जो दे रहा है।

## ऑफ बीट

# तेजी से बदलता है मध्यम आयु वर्ग का मस्तिष्क



हमारा दिमाग हमारे जीवन में कई मौकों पर इतनी तेजी से बदलता है, मानो जीवन की घड़ी सामान्य से अधिक तेजी से चल रही हो। बचपन, किशोरावस्था और बुढ़ापा इसके अच्छे उदाहरण हैं। वैसे वयस्क जीवन में अधिकतर समय यह घड़ी काफी नियमित रूप से चलती रहती है। सूर्य के चारों ओर एक चक्कर और उम्र में एक वर्ष का इजाफा। हालाँकि, जीवन में एक ऐसा चरण भी आ सकता है जब मस्तिष्क की घड़ी तेज़ होने लगती है। मस्तिष्क आपके ध्यान में आए बिना ही बदलाव शुरू कर देता है। यह (आंशिक रूप से) आपके खून में मौजूद चीज़ों के कारण भी हो सकता है। आपके 40 से 50 के दशक, या 'मध्य उम्र' के दौरान मस्तिष्क की उम्र बढ़ने का यह चरण आपके भविष्य के स्वास्थ्य की भविष्यवाणी कर सकता है। उम्र के साथ हमारी मानसिक क्षमताएं कैसे बदलती हैं, इसका अध्ययन करने वाले मनोवैज्ञानिकों ने पाया है कि उनमें धीरे-धीरे गिरावट आती है, जो हमारे 20 और 30 के दशक में शुरू होती है। हालाँकि, जब लोगों की रोजमर्रा की घटनाओं की याददाश्त का आकलन किया जाता है, तो समय के साथ परिवर्तन मध्य आयु के दौरान विशेष रूप से तीव्र और अस्थिर प्रतीत होता है।

## ट्रेंड

### स्टार्टअप अहम भूमिका निभाएंगे



भारत के स्टार्टअप जगत ने नारी शक्ति को अनेक अवसर दिए हैं। भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में स्टार्टअप अहम भूमिका निभाएंगे। मैं युवाओं से एआई, सेमीकंडक्टर और अन्य अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह करता हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पता लगाना आप कहां हैं



आध्यात्मिकता के रास्ते पर सबसे पहली बात अनुभवात्मक रूप से यह पता लगाना है कि आप अभी कहां हैं। आप जहां हैं वहीं से यात्रा शुरू कर सकते हैं। यदि आप मानवता से ओत-प्रोत हैं, तो दिव्यता को अवतरित होना होगा।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### ध्यान भटकाने के मास्टर



प्रधानमंत्री सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने के मास्टर हैं। देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है। नौजवान निराश हैं। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। महंगाई से लोग अपना घर नहीं चला पा रहे हैं।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### अच्छे दोस्त, तकिए की तरह



अच्छे दोस्त, तकिए की तरह होते हैं-जब आप थके हुए होते हैं तो आप उन पर आराम करते हैं, जब दुखी होते हैं तो आप उन पर आंसू गिराते हैं, जब क्रोधित होते हैं तो आप उन्हें मुक्का मारते हैं, और जब खुश होते हैं तो आप उन्हें गले लगाते हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# लोकसभा का रण | गृह मंत्री की दो टूक, जनता सभी वंशवादियों को सबक सिखाएगी

## राजस्थान : ये कद्दावर भाजपा महिला नेता सीट की दावेदार

### अभी 10 सीटों पर उम्मीदवार उतारने बाकी

जयपुर। लोकसभा चुनाव 2024 में अपना भाग्य आजमाने के लिए नेता बेताब है। कांग्रेस और भाजपा में कई महिला नेत्रियां भी हैं जो संसद पहुंच कर प्रतिनिधित्व का सपना संजोये बैठी है। अभी तक घोषित प्रत्याशियों में कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों ने राजस्थान की एक एक सीट पर महिला प्रत्याशी उतारे हैं। कांग्रेस ने भरतपुर से संजना जाटव और भाजपा ने नागौर से ज्योति मिर्धा को टिकट दिया है। भाजपा में कई महिला नेत्रियां हैं जो लोकसभा टिकट की दावेदार हैं। भाजपा को अभी 10 और सीटों पर प्रत्याशी उतारने बाकी है। इन सीटों पर ये महिला नेत्रियां दावेदारी पेश कर रही है। आइये जानते हैं भाजपा की मजबूत महिला नेताओं के बारे में....



केंद्रीय नेतृत्व की भरोसेमंद नेता
■
टोंक सवाई माधोपुर से पेश की दावेदारी

#### अलका गुर्जर

अलका गुर्जर पिछले कई सालों से बीजेपी में सक्रिय हैं। पार्टी में उनके पास राष्ट्रीय मंत्री का पद है। वे प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं और केंद्रीय नेतृत्व की भरोसेमंद नेता है। अलका गुर्जर ने टोंक सवाई माधोपुर सीट से दावेदारी पेश की है। संगठन में उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें टिकट दिए जाने की संभावनाएं जताई जा रही है।

#### सौम्या गुर्जर

जयपुर नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर ने भी टोंक सवाई माधोपुर सीट से दावेदारी की है। जयपुर मेयर रहते हुए वे बहुत की एक्टिव नेताओं की श्रेणी में आ गई हैं। उनके पति राजाराम गुर्जर भी पिछले भी पिछले कई सालों से पार्टी में सक्रिय हैं और संघ के साथ उनके अच्छे ताल्लुक हैं।



पार्टी में बहुत ही एक्टिव नेता
■
पति भी सालों से पार्टी में सक्रिय



जयपुर की पूर्व महापौर रहीं
■
कांग्रेस में भी रही तेज तर्रार नेता

#### ज्योति खंडेलवाल

जयपुर की पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हुई थी। वे कांग्रेस की तेज तर्रार नेता रही हैं। वर्ष 2019 में ज्योति खंडेलवाल ने बीजेपी के रामचरण बोहरा के सामने जयपुर लोकसभा सीट से चुनाव भी लड़ा था। विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज ज्योति भाजपा में शामिल हो गई थी।

#### राखी राठौड़

जयपुर की रहने वाली राखी राठौड़ सैन्य परिवार से हैं। वे जयपुर नगर निगम में तीन बार पार्षद रही हैं और पार्टी की प्रखर वक्ता हैं। राखी राठौड़ ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से दावेदारी पेश की है। इन्हें भी टिकट का दावेदार माना जा रहा।



तीन बार पार्षद रह चुकीं राठौड़
■
जयपुर ग्रामीण सीट से मजबूत दावेदारी



मौजूदा सांसद नरेंद्र कुमार की पुत्रवधू
■
झुंझुनूं सीट से मजबूत दावेदार मानी जा रही

#### हर्षिनी कुलहरी

हर्षिनी कुलहरी झुंझुनूं की जिला प्रमुख हैं। वे मौजूदा सांसद नरेंद्र कुमार की पुत्रवधू हैं। बीजेपी ने नरेंद्र कुमार को विधानसभा चुनाव में उतारा लेकिन वे चुनाव हार गए। ऐसे में पार्टी उनके बजाय अन्य प्रत्याशी की तलाश कर रही है। ऐसे में हर्षिनी कुलहरी का नाम आगे आया है। वे झुंझुनूं सीट से मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं।

## भाजपा को यूपी में 2014 से अधिक सीट मिलेंगी : शाह

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दावा किया कि इस बार आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उत्तर प्रदेश में 2014 से अधिक सीट मिलेंगी और जनता सभी वंशवादी दलों को सबक सिखाएगी। शाह ने दो टूक कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भाजपा के एजेंडे में शामिल है क्योंकि पार्टी का मानना है कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में सभी लोगों के लिए एक समाना कानून होने चाहिए। उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश में हमें इस बार 2014 की तुलना में अधिक सीट मिलेंगी।'' भाजपा को 2014 में उत्तर प्रदेश की कुल 80 लोकसभा सीट में से 71 सीट पर जीत मिली थी जबकि उसकी सहयोगी अपना दल के खाते में दो सीट गई थीं। पार्टी को 2019 के चुनाव में प्रदेश की 62 सीट मिलीं और उसके सहयोगी दल को दो सीटें मिलीं।

### बीजद से समझौते पर नड्डा करेंगे फैसला



ओडिशा की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद)के साथ भाजपा के गठबंधन को लेकर चल रही बातचीत के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा इस पर अंतिम निर्णय लेंगे। शाह ने कहा, ''हमने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। हमारी पार्टी के अध्यक्ष फैसला करेंगे। लेकिन यह निश्चित है कि हम ओडिशा में भारी जीत हासिल करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''अगर हम अकेले लड़ने का फैसला करते हैं तो हम ओडिशा में सरकार बनाने के लिए लड़ेंगे।''ओडिशा में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी होंगे।

### हम चाहते हैं कि राजग के सभी दल एक साथ आएं

पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन की संभावना पर उन्होंने कहा कि यह अगले दो से तीन दिनों में स्पष्ट हो जाएगा। शाह ने कहा, ''बातचीत जारी है। हम चाहते हैं कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी दल एक साथ आएं।'' बिहार के बारे में शाह ने कहा कि यह पहली बार है, जब भाजपा अपने सहयोगियों से अधिक सीटों के साथ लोकसभा चुनाव 'बड़े भाई' के रूप में लड़ने जा रही है। बिहार में राजग के बीच हुए सीट-बंटवारे के मुताबिक भाजपा कुल 40 में से 17 सीटों पर, जनता दल यूनाइटेड (जदयू)16 सीट पर, चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पांच सीट पर और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम)और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे।

### पप्पू यादव की पार्टी का कांग्रेस में विलय



बिहार के सीमांचल में प्रभाव रखने वाले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय को मंजूर कर लिया है। मंगलवार रात पप्पू यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की थी। कहा था कि वह कांग्रेस की विचारधारा पर ही लंबे समय से चलते आ रहे हैं। तभी यह माना जा रहा था कि पप्पू अपनी पार्टी के विलय के लिए राजी हो गए हैं। पप्पू की पार्टी बिहार में एक भी विधायक या सांसद नहीं हैं।

### बसपा सांसद दानिश कांग्रेस में शामिल



कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर, राजस्थान में भाजपा और यूपी से बसपा को तगड़ा झटका दिया है। यूपी के अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उन्हें दिल्ली में पवन खेड़ा समेत कई कांग्रेस नेताओं ने पार्टी में शामिल कराया। दानिश अली को कांग्रेस अमरोहा से अपना उम्मीदवार बना सकती है।वहीं, भाजपा नेता लाल सिंह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। लाल सिंह जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री रहे हैं। उन्होंने दिल्ली में पवन खेड़ा की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर जम्मू-कश्मीर के कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।



### इस बार मेनका गांधी का भी कट सकता है टिकट

सुल्तानपुर सीट से मेनका गांधी के नाम को लेकर भी हो रही है और ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा उनकी जगह अब प्रेम शुक्ला को मैदान में उतारा जा सकता है। प्रेम शुक्ला शिवसेना से भाजपा में आए थे और वह शिवसेना के हिन्दी मुखपत्र के संपादक भी रहे हैं। फिलहाल पार्टी ने आधिकारिक घोषणा नहीं की है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि मेनका गांधी की जगह उन्हें उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

## ऊधमपुर से फिर ताल ठोंकेगे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट जारी की तो उसमें एक नाम पर सभी का ध्यान गया, जो कि सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह था। मंत्री जितेंद्र सिंह मोदी कैबनेट का काफी जाना माना चेहरा है। उन्हें एक बार फिर भाजपा ने जम्मू की ऊधमुपर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। जितेंद्र सिंह के साथ ही जम्मू की ही सीट से जुगल किशोर शर्मा को भी टिकट मिला है, लेकिन ज्यादा चर्चा जितेंद्र सिंह की है, क्योंकि वे जम्मू कश्मीर का प्रतिनिधित्व संसद के साथ ही मोदी कैबिनेट में भी करते हैं। मोदी सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के पुराने चुनावी रिकॉर्ड्स की बात करें तो उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2014 में ऊधमपुर सीट पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद को हराया था।



### पल्लवी ने अखिलेश को किया किनारे

#### तीन सीटों पर अकेले लड़ेंगी चुनाव



लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के इंडि अलायंस को बड़ा झटका लगा है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सहयोगी अपना दल (कमेरावादी) अब इंडि गठबंधन से अलग अकेले चुनाव लड़ेगी। पल्लवी कमेरावादी ने फूलपुर, कौशांबी और मिर्जापुर सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। पल्लवी सपा के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक हैं। राज्यसभा चुनाव में यादव के टिकट बंटवारे से नाराज होकर पल्लवी ने सपा के सिर्फ एक प्रत्याशी को पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकके नाम पर वोट किया था। अपना दल (कमेरावादी) का कहना है कि वो इंडि अलायंस के साथ हैं और 3 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेंगे।

### हिमाचल में कांग्रेस को झटका

#### प्रतिभा नहीं लड़ेंगी चुनाव, हाईकमान को दी जानकारी



हिमाचल प्रदेश में अपने छह विधायकों की बगावत से जूझ रही कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव में सूबे की चार सीटों पर उम्मीदवार तय करने के लिए मंथन कर रही है। माना जा रहा इसी हफ्ते केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में चारों उम्मीदवारों के नाम घोषित हो सकती है। सभी सीटों से नए चेहरों से चुनाव लड़ाने की तैयारी चल रही है। खास बात यह है कि मंडी सीट से मौजूदा सांसद व पूर्व सीएम दिवंगत वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने दोबारा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है।

## बिहार में सीटें बांटी नहीं, बदलीं भी

### भाजपा 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही, जदयू 16 पर देगी चुनौती

**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के बीच सीटों के बंटवारे का एलान हो चुका है। पिछले चुनाव (2019) की तरह भारतीय जनता पार्टी इस बार भी 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जनता दल यूनाईटेड 17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इनमें से 16 सीटों पर जदयू को जीत मिली थी। इस बार 16 सीटें जदयू को मिल गईं। चिराग पासवान की पार्टी को पांच सीटें मिल गईं। वहीं उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की पार्टी को एक-एक सीट मिली।। पशुपति कुमार पारस की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को एक भी सीटें नहीं मिली। एनडीए के पार्टियों के बीच कुछ लोकसभा सीटों पर अदला-बदली हुई। जैसे शिवहर सीट पिछले चुनाव में भाजपा के पास थी यह अब तक जदयू के पास चली गईं। गया सीट जदयू के पास थी, लेकिन जीतन राम मांझी की मांग को देखते हुए अब यह सीट हम के पास चली गई। इसी तरह कुछ और सीटों पर बदलाव हुए हैं।




4,29,13,600 पुरुष मतदाता | 3,64,01,903 महिला मतदाता

### इन सीटों पर रहेगा रोचक मुकाबला

**शिवहर**
भाजपा के पास थी अब यह सीट जदयू के खाते में चली गई है। वहीं यहां से भाजपा की सांसद रमा देवी ने 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। अब चर्चा है कि लवली आनंद इस सीट से चुनाव लड़ेंगी।



**गया**
यह सीट जदयू के पास थी। 2019 के चुनाव में जदयू के टिकट पर विजय कुमार मांझी ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को हराया था। अब यह सीट जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा को दे दी गई। जदयू ने इस सीट को छोड़ दिया।



**काराकाट**
यह सीट जदयू के पास थी। 2019 के चुनाव में जदयू के टिकट पर महाबली सिंह ने जीत दर्ज की थी। अब यह सीट उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को दे दी गई है।




**नवादा**
इस सीट से फिलहाल पशुपति कुमार पार्टी की पार्टी के सांसद हैं। (तत्कालीन लोजपा) के टिकट पर चंदन सिंह ने लोकसभा चुनाव 2019 में जीत दर्ज की थी। इस बार पशुपति पारस को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गई। भाजपा ने इस सीट को अपने पास रखा है।



**हाजीपुर**
इस सीट से फिलहाल पशुपति कुमार पार्टी की पार्टी के सांसद हैं। (तत्कालीन लोजपा) के टिकट पर पारस ने लोकसभा चुनाव 2019 में जीत दर्ज की थी। अब यह सीट उनके भतीजे चिराग पासवान को दे दी गई है।



**समस्तीपुर**
इस सीट से फिलहाल पशुपति कुमार पार्टी की पार्टी के सांसद हैं। (तत्कालीन लोजपा) के टिकट पर प्रिंस राज ने लोकसभा चुनाव 2019 में जीत दर्ज की थी। अब यह सीट उनके भतीजे चिराग पासवान को दे दी गई है।



**खगडिया**
इस सीट से फिलहाल पशुपति कुमार पार्टी की पार्टी के सांसद हैं। (तत्कालीन लोजपा) के टिकट पर चौधरी महबूब अली कैसर ने लोकसभा चुनाव 2019 में जीत दर्ज की थी। अब यह सीट उनके भतीजे चिराग पासवान को दे दी गई है।



## रोचक : कुख्यात अशोक महतो ने लोकसभा टिकट के लिए की शादी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के कुख्यात अशोक महतो ने लोकसभा टिकट के लिए खरमास में शादी कर ली है। अशोक की उम्र 62 साल है, पत्नी उनसे 16 साल छोटी हैं। अशोक महतो पर ही वेब सीरीज खाकी द बिहार चैप्टर बनी थी। शादी के बाद अशोक महतो अपनी पत्नी के साथ राबड़ी आवास पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैं यहां आशीर्वाद लेने आया था। वह पत्नी को मुंगेर से राजद के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। अशोक पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनको सजा भी हो चुकी है। वह 17 साल से जेल में थे। 10 दिसंबर 2023 को जेल से रिहा हुए थे। सजा की वजह से वो चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। इसलिए आनन-फानन में 2 दिन के अंदर उन्होंने शादी की है, ताकि उनकी पत्नी चुनाव लड़ सके। मुंगेर से जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह अभी सांसद हैं। उन्हें फिर से जदयू टिकट दे सकती है। इसलिए संभावना जताई जा रही है कि ललन सिंह के सामने अशोक महतो की पत्नी अनीता होंगी।



### लालू ने कहा, और कर ली शादी

बताया ये भी जा रहा है कि कुछ दिन पहले लालू यादव ने अशोक महतो को बुलाकर कहा था कि शादी करके आओ तब टिकट देंगे। इसके बाद उन्होंने लड़की की तलाश शुरू की। ताकि अगर उनको टिकट न मिले तो वे अपनी पत्नी को चुनाव लड़वाएं। उनकी तलाश अनीता पर जाकर पूरी हुई। शादी करने के लिए अशोक महतो का काफिला 50 गाड़ियों के साथ निकला। बख्तियारपुर में मंगलवार की रात मां जगदंबा स्थान के मंदिर में विवाह हुआ। अनीता लखीसराय के सूर्यगढ़ा प्रखंड के बंशीपुर हेमजापुर इलाके की रहने वाले हरि मेहता की बेटी अनीता (46) हैं। वो पूरे परिवार के साथ दिल्ली में रहती हैं।

### ...पार्टी की प्रचार सामग्री से पटी दुकानें




मुंबई। राजनीतिक पार्टियां चुनाव में प्रचार के लिए बैनर सहित अन्य सामग्रियों का भरपूर इस्तेमाल कर रही हैं।

### किसी चुनाव को हल्के में नहीं लेते, लोकसभा चुनाव के लिए भी तैयार: उमर



**श्रीनगर (भाषा)।** नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को दावा किया कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव में पार्टी को हराने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेती और लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। उन्होंने यहां पार्टी कार्यालय से रवाना होते समय पत्रकारों से कहा, ''कोई भी चुनाव जीतना आसान नहीं होता। हर चुनाव में अलग-अलग परिस्थितियां होती हैं।

## विवादित बोलः पीएम के गांव के पास हुआ था औरंगजेब का जन्म : संजय राउत



**बुलढाणा।** उद्धव ठाकरे गुट के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत अकसर बड़बोले बयान देते हैं। कई बार उन्हें इसे लेकर विवादों का भी सामना करना पड़ा है। अब उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर विवादित बयान देते हुए औरंगजेब से उनकी तुलना कर दी है। महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक कार्यक्रम में राउत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के गांव के पास ही औरंगजेब का जन्म हुआ था। इसलिए पीएम मोदी की औरंगजेब जैसी सोच है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के तहत महाराष्ट्र पर चढ़ाई की जा रही है। संजय राउत जब पीएम मोदी को लेकर यह टिप्पणी कर रहे थे, उस दौरान उद्धव ठाकरे भी मंच पर मौजूद थे। राज ठाकरे के भाजपा संग जाने की अटकलों के बीच राउत ने यह टिप्पणी की है।

## कांग्रेस को मिला सहारा, पूर्व सांसद लाल सिंह ने थामा पार्टी का दामन



**नई दिल्ली (भाषा)।** पूर्व सांसद और जम्मू-कश्मीर सरकार के पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस के जम्मू-कश्मीर प्रभारी भरत सिंह सोलंकी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वकार रसूल वाणी ने उनका पार्टी में स्वागत किया। सोलंकी ने कहा, ''देश की राजनीति करवट ले रही है। चौधरी लाल सिंह के आने से जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस मजबूत होगी।'' लाल सिंह ने कहा कि वह डरने वाले नहीं है और लड़ते रहेंगे। उनका कहना था, ''मैं जिधर खड़ा होता हूं, उस पक्ष की सरकार बनती है।' चौधरी लाल सिंह पहली बार 1996 में 'तिवारी कांग्रेस' के टिकट पर विधायक बने थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




# पीएम ने पुतिन और जेलेंस्की को किया फोन

**लगातार पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने पर पुतिन को मोदी ने दी बधाई**

# यूक्रेन युद्ध पर की बात आखिर कब रुकेगी जंग

**रूसी राष्ट्रपति ने भी मोदी को संसदीय चुनावों के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं**


एजेंसी ▶▶| मॉस्को/नई दिल्ली

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्लादिमीर पुतिन को एक बार फिर रूस के राष्ट्रपति चुनाव में जीत पर बधाई दी है। बुधवार को क्रेमलिन की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि नरेंद्र मोदी ने फोन कर व्लादिमीर पुतिन को बधाई दी। दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी और मैत्रीपूर्ण तरीके से बातचीत हुई। पीएम मोदी ने व्लादिमीर पुतिन को मुबारकबाद दी तो रूसी राष्ट्रपति ने भी नरेंद्र मोदी को भारत में आगामी संसदीय चुनावों के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच अंतरराष्ट्रीय एजेंडे के कई मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विशेष रूप से यूक्रेन में चल रही लड़ाई की स्थिति के संदर्भ में दोनों नेताओं नेताओं ने चर्चा की। एससीओ और ब्रिक्स सहित बहुपक्षीय प्रारूपों में रूस और भारत के बीच आगे भी समन्वय बनाए रखने और सहयोग के बारे में भी दोनों नेताओं की बीच बात हुई है।



### दोनों ने मोदी को अपने देशों की यात्रा का न्योता दिया : अधिकारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपति ने भारत में आम चुनाव संपन्न होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने-अपने देशों की यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। अधिकारियों ने बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ टेलीफोन पर हुई अलग-अलग बातचीत में मोदी ने दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने कहा कि वे भारतीय प्रधानमंत्री को 'पीसमेकर' (शांति स्थापित करने वाले) के रूप में देखते हैं।



### पीएम मोदी बोले- पुतिन के साथ काम करने के लिए उत्सुक

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के बाद एक्स पर एक पोस्ट किया है। अपने पोस्ट में मोदी ने लिखा, ॥राष्ट्रपति पुतिन से बात कर उनको रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी। हम आने वाले सालों में भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं।॥ रूस में हाल ही में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद सोमवार को देश के इलेक्शन कमीशन ने व्लादिमीर पुतिन को विजेता घोषित किया है। पुतिन रेकॉर्ड मतों से जीतते हुए लगातार पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बने हैं। पुतिन को कुल पड़े मतों मे से रेकॉर्ड 87.29 फीसदी वोट मिले हैं।

### रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करता भारत

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की और कहा कि भारत रूस-यूक्रेन संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करता है।



टेलीफोन पर हुई बातचीत में दोनों देशों के बीच संघर्ष पर चर्चा करते हुए मोदी ने भारत के जन-केंद्रित दृष्टिकोण को दोहराया और आगे के रास्ते के रूप में बातचीत और कूटनीति का आह्वान किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ भारत-यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने पर अच्छी बातचीत हुई। शांति के सभी प्रयासों और जारी संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए भारत के लगातार समर्थन से अवगत कराया।

## महिला डॉक्टर ने अटल सेतु से छलांग लगाई, सुसाइड नोट मिला

**ठाणे(भाषा)।** दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने के लिए समुद्र पर नवनिर्मित अटल सेतु से (43)महिला डॉक्टर ने छलांग लगा दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस अभी तक उसके शव का पता नहीं लगा पाई है। लेकिन पीड़िता के मुंबई स्थित आवास से एक कथित सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने बताया कि किंजल कांतिलाल शाह अवसादग्रस्त थीं और उनका इलाज चल रहा था। वह पिता के साथ मुंबई के परेल इलाके में दादा साहब फाल्के रोड स्थित नवीन आशा इमारत में रहती थीं। पुलिस ने बताया कि सोमवार की दोपहर किंजल ने अपने घर के पास से टैक्सी ली और चालक से उसे अटल सेतु तक ले जाने के लिए कहा। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने बताया, "पुल पर थोड़ी दूर चलने के बाद महिला ने चालक को टैक्सी रोकने के लिए कहा। चालक वाहन रोकना नहीं चाहता था लेकिन जिद की तो चालक ने गाड़ी रोक दी। गाड़ी से बाहर निकली और पुल से कूद गई।

## 'इंजीनियर साहब' चुराते थे रेलवे के कंबल, तकिए और चादरें, पत्नी ने वीडियो बनाकर खोल दी 'पोल'

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** भोपाल में एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर की ट्रेनों से कंबल और चादर चुराने की आदत की पोल उसकी पत्नी ने खोल दी है और चोरी किए गए चादर और कंबल का वीडियो भी वायरल किया है। इसके साथ ही रेलवे पुलिस से भी शिकायत की गई है। महिला का कहना है कि पति की इस आदत का बहुत बुरा लगा है, इसलिए शिकायत की है। इस कदम से पत्नी की तारीफ हो रही है। महिला राजस्थान की है और उसका निकाह कानपुर में रहने वाले अरशद से हुआ है। अरशद भोपाल में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। महिला ने वीडियो भी वायरल किया है जिसमें कहा कि उसके घर में एक संदूक रखा हुआ था। जिसे उसका पति खोलना नहीं देता था और उसमें ताला लगा हुआ था। ईद में सफाई के दौरान जब संदूक खोला तो देखा तो उसमें रेलवे की बहुत चादरें रखी हुई थीं।

**भोपाल रेलवे में पहुंचा मामला : 'मदद एप' पर पत्नी ने की थी शिकायत**

# लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर लोगों ने निकाला मार्च

भाषा ▶▶| करगिल

लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग के समर्थन में हजारों लोगों ने बुधवार को मार्च निकाला जिसके कारण दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। पर्यावरणविद सोनम वांगचुक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर पिछले दो सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। करगिल डेमोक्रेटिक एलायंस (केडीए) के आह्वान के जवाब में बड़ी संख्या में लोगों ने फातिमा चौक से हुसैनी पार्क तक एक मार्च निकाला। मुख्य बाजार में प्रदर्शन किया और

■ पर्यावरणविद सोनम वांगचुक दो सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे



लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और इसे छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग करते हुए नारे लगाए। एपेक्स बॉडी, लेह (एबीएल) और केडीए विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के अलग-अलग समूह संयुक्त रूप से विभिन्न मांगों के लिए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों समूह पिछले चार वर्षों से लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की छठी अनुसूची के तहत शामिल करने की मांग कर रहे हैं।

# उप्र पुलिस ने दो मासूमों के हत्यारोपित को किया ढेर

एजेंसी ▶▶| बदायूं (उप्र)

बदायूं की बाबा कॉलोनी में ठेकेदार विनोद ठाकुर के बेटे 13 साल आयुष और 6 साल के अहान की मंगलवार शाम करीब सात बजे चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। युवराज (10) चाकू के हमले में घायल हो गया था। पुलिस ने दोनों बच्चों का बुधवार सुबह नौ बजे पोस्टमार्टम कराया। इस मामले में यूपी पुलिस ने एक आरोपी साजिद को कुछ ही घंटों में एनकाउंटर कर ढेर कर दिया। दूसरे आरोपी जावेद की पुलिस तलाश कर रही है। सखानूं में रहने वाले साजिद का सिविल लाइंस क्षेत्र की बाबा कॉलोनी में सैलून था। सैलून के सामने ही पीड़ित विनोद ठाकुर का मकान है।



**पुलिस ने दूसरे आरोपी जावेद की तलाश में जुटी,लोगों में आक्रोश**

### सहमा हुआ है पीयूष

परिवार के लोग हत्या की बजह बताने से कतरा रहा हैं। परिवार तो केवल पांच हजार मांगने की ही बात दोहरा रहे हैं। हत्याकांड के बाद बचा पीयूष अभी सहमा हुआ है। बुधवार को हुए पोस्टमार्टम में साफ हुआ है कि आयुष का गला रेता गया और सीने समेत हाथ में चाकू से चार वार किए गए थे। शरीर पर कुल पांच घाव दर्ज किए गए हैं।

## श्रीलंका में रुक सकेगा चीन का जासूसी जहाज

**कोलंबो(एजेंसी)।** चीन की तरफ से विरोध किए जाने के बाद श्रीलंका ने विदेशी जहाजों के रुकने पर लगा बैन हटा दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है। दरअसल, हाल ही में पड़ोसी देश ने एक जर्मन रिसर्च वेसल को अपने पोर्ट पर रुकने की इजाजत दी थी। इस पर चीन की एम्बेसी ने विरोध जताया कि जब फरवरी में उनके जहाज को रुकने की अनुमति नहीं मिली थी, तो जर्मनी के जहाज को क्यों रुकने दिया गया। चीन के पास तीन जासूसी जहाज हैं। इसके बाद श्रीलंका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- विदेशी जहाजों हमारे पोर्ट पर रुककर रिसर्च नहीं कर सकते। लेकिन ये ईंधन भरने के लिए यहां रुक सकते हैं। दरअसल, पिछले साल श्रीलंका में 2 चीनी खुफिया जहाज रुके थे। इस पर भारत और अमेरिका ने हिंद महासागर में सुरक्षा की चिंता जताते हुए विरोध किया था।





Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. *Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˘On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. *Ex-showroom price of HF Deluxe Drum Brake Kick Start in Gurugram.

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122 Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868 Assandh: Sandhu Hero, 9289922815 Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056 Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505 Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057 Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433 Gohana: Krishna Hero, 9289923026 Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082 Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147 Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050 Jind: National Hero, 9289922061 Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062 Karnal: Nirmal Hero, 9289922048 Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988 Ladwa: Khanna Hero, 9289922063 Mandi Dabwali: Karan Hero, 9289922490 Nuh: Sunil Hero, 9289923087 Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058 Narwana: Narwana Hero, 9289923101 Palwal: DevVaahan Hero, 9289922877 Panchkula: Regent Hero, 9289923161 Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059 Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393 Rewari: Virendra Hero, 9289922060 Rohtak: Shivam Hero, 9289922047 Sirsa: Khanna Hero, 9289923195 Sonepat: Sidak Hero, 9289922865 Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394 Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Sehgal Hero, NIT, 9289207333, Gurgaon:- Himgiri Hero, 9289923046, Autoneeds Hero, 9289922051, Jaasodha Hero, 9289922495, Sharma Hero, Basai Road Sector 11, 9289923221, Hansi: Sunil Motors, 9821744694

WT.5687.2024HIN